माघ शुक्ल - 9 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 175 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शुक्रवार » 19-01-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 केजरीवाल को 'सर्दी में पसीना आ रहा है'; गिरफ्तारी की आशंका से कांप रहे हैं

6 गरीबी के अभिशाप से मुक्ति की ओर अग्रसर भारत

7 बचपन की यादों में भटकना पसंद है : अविनाश अरुण






## फर्स्ट टेक

### यूक्रेन के लिए हथियार उत्पादन में फ्रांस ने लाई तेजी

**पेरिस/एपी।** फ्रांस के रक्षा मंत्री ने कहा है कि देश के शस्त्र विनिर्माताओं ने यूक्रेन को आपूर्ति की जाने वाली हथियार प्रणालियों में से कुछ की विनिर्माण अवधि आधी या इससे अधिक घटा दी है। रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने 'ले पेरिसियन' समाचार वेबसाइट को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अब से, फ्रांसीसी रक्षा उद्योग सीधे तौर पर यूक्रेनी सेना से जुड़े होंगे। उन्होंने नेक्सटर कंपनी द्वारा फ्रांस में निर्मित सीज़र स्व-चालित 155 मिलीमीटर(मिमी) होवित्जर तोप का उदाहरण देते हुए कहा कि फ्रांसीसी रक्षा अनुबंधकर्ता युद्धस्तर पर कार्य कर रहे हैं।

### नाइजीरिया में भीषण विस्फोट में तीन लोगों की मौत, 77 घायल

**अबुजा/एपी।** नाइजीरिया के दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओयो के घनी आबादी वाले शहर इबादान में हुए विस्फोटों में तीन लोगों की मौत हो गई और 77 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विस्फोट के बाद मलबे के नीचे लोगों के फंसे होने की आशंका है और उन्हें निकालने के लिए बचावकर्मी अभियान चला रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इबादान में मंगलवार देर शाम करीब पौने आठ बजे एक जोरदार धमाका हुआ जिससे इलाके में दहशत फैल गई।

### अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाज पर ड्रोन हमला

**नई दिल्ली/भाषा।** अदन की खाड़ी में मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर बुधवार रात ड्रोन हमला होने के बाद भारतीय नौसेना का मिसाइल विध्वंसक पोत 'आईएनएस विशाखापत्तनम' तुरंत मदद के लिए आगे आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जहाज पर नौ भारतीयों सहित चालक दल के 22 सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के मिसाइल विध्वंसक 'आईएनएस विशाखापत्तनम' ने 'जेनको पिकार्डी' जहाज से एक आपात संदेश मिलने के लगभग एक घंटे के भीतर जवाबी कार्रवाई की।

| 18-01-2024 | 19-01-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:14 बजे | सूर्योदय 6:46 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,186.86 | 21,462.25 |
| (-313.90) | (-109.70) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,571 रु. | 73,894 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# पारदर्शी व्यवस्था और जन भागीदारी के कारण देश में गरीबी कम हुई : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी व्यवस्था, ईमानदार प्रयासों और जनभागीदारी पर जोर देने की वजह से पिछले नौ साल में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी यह नहीं सोच सकता था कि भारत में गरीबी कम हो सकती है लेकिन गरीबों ने दिखाया है कि यदि उन्हें संसाधन दिए जाएं तो यह हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार पर लोगों का भरोसा हर जगह दिखाई दे रहा है।

गरीबी के आंकड़ों में आई गिरावट को रेखांकित करने वाली नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने गरीबों की मदद करने के लिए अन्य देशों के सामने एक मॉडल पेश किया है और दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत उत्साहजनक रिपोर्ट है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को उनकी कल्पना से परे सफलता मिली है और यह दो महीने में ही एक जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा, विकसित भारत संकल्प यात्रा पहले 26 जनवरी तक चलने वाली थी लेकिन इसको लोगों का इतना समर्थन मिला है कि अब लोगों की मांग हैं कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हमारे गांव में भी आनी चाहिए।

### स्मारक डाक टिकट जारी किया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अयोध्या में राम मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी डाक टिकटों के संग्रह की एक पुस्तक जारी की और कहा कि ये टिकट सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं है बल्कि इतिहास की किताबों, कलाकृतियों के रूपों और ऐतिहासिक स्थलों का सबसे छोटा रूप भी हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज पवित्र अयोध्या धाम की विरासत और भगवान श्री राम को समर्पित स्मारक डाक टिकट जारी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।



# मंदिर में दाखिल की गयी राममूर्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** भगवान राम की मूर्ति बृहस्पतिवार की दोपहर राम जन्मभूमि में स्थित मंदिर में प्रवेश कर गई।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में कहा , अयोध्या में जन्म भूमि स्थित राम मन्दिर में आज दिन में साढ़े 12 बजे के बाद राममूर्ति का प्रवेश हुआ।

दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर यजमान द्वारा प्रधानसंकल्प होने पर वेदमन्त्रों की ध्वनि से वातावरण मंगलमय हुआ। मूर्ति के जलाधिवास तक के कार्य गुरुवार को संपन्न हुए।

ट्रस्ट ने लिखा है, 19 जनवरी को प्रातः नौ बजे अरणिमन्थन से अग्नि प्रकट होगी। उसके पूर्व गणपति आदि स्थापित देवताओं का पूजन, द्वारपालों द्वारा सभी शाखाओं का वेदपारायण, देवप्रबोधन, औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास, कुण्डपूजन, पञ्चभूसंस्कार होगा।

# भारत सबसे भरोसेमंद देश, सभी क्षेत्रों में भरपूर अवसर : वैष्णव



**दावोस/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के लिए सबसे भरोसेमंद देश बना दिया है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि वैश्विक व्यवसायों को इस भरोसे के अनुरूप भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और स्थिरता का लाभ उठाना चाहिए।

वैष्णव ने यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक-2024 में पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस मजबूत नींव को रखा है, उसे देखते हुए भारत कम से कम अगले 10 साल तक 6-8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में सभी के लिए और सभी क्षेत्रों में भरपूर अवसर होंगे। उन्होंने कहा, कारोबारी हस्तियों, निवेश बैंकरों, प्रौद्योगिकी सीईओ और अन्य नेताओं के साथ बैठकों में, एक बात जो बहुत स्पष्ट रूप से सामने आई, वह है भारतीय अर्थव्यवस्था की जुझारू क्षमता। लोग इसके बारे में अधिक जानना चाहते हैं। वैष्णव ने कहा, लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के बारे में गहराई से जानना चाहते हैं। मैंने कई शीर्ष निवेश बैंकरों और वैश्विक सीईओ के साथ चर्चा की है कि कैसे प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिरता और मजबूती दी है। उन्होंने अर्थव्यवस्था को लगातार वृद्धि के लिए एक रास्ता दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की निगरानी में भारतीय अर्थव्यवस्था के चार स्तंभों - बुनियादी ढांचे में निवेश, विनिर्माण पर जोर, समावेशी विकास और सरलीकरण पर बहुत अधिक काम हुआ है।

# साइबर अपराधों को रोकना मोदी सरकार की प्राथमिकता : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिलांग/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि साइबर अपराधों को रोकना मोदी सरकार की प्राथमिकता है और वह प्रत्येक नागरिक के लिए इंटरनेट को सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

यहां असम राइफल्स के मुख्यालय में साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र का उद्घाटन करने के बाद शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार प्रत्येक नागरिक के लिए इंटरनेट को सुरक्षित बनाकर एक साइबर-सफल समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। साइबर अपराध को रोकना मोदी सरकार की प्राथमिकता है।'' शाह ने कहा कि साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र, नेटवर्क की वास्तविक समय में निगरानी कर, बाहरी खतरों को कम करने और 'असम राइफल्स वाइड एरिया नेटवर्क' (एआरडब्ल्यूएएन) में साइबर घुसपैठ की रोकथाम करके असम राइफल्स की साइबर सुरक्षा स्थिति को मजबूत करेगा।

वाइड एरिया नेटवर्क, एक कंप्यूटर नेटवर्क है जो एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थित कई कार्यालयों और डेटा केंद्रों को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र को अत्याधुनिक नेटवर्क तथा डेटा निगरानी उपकरणों से सुसज्जित किया गया है और यह 24 घंटे सातों दिन सेवाएं देगा। गृह मंत्री ने कहा कि यह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बीच अपने तरह का पहला केंद्र है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते साइबर हमलों ने नेटवर्क को अवांछित घुसपैठियों, हैकिंग और अन्य साइबर घुसपैठों से सुरक्षित रखना अनिवार्य बना दिया है।



# वडोदरा में नाव पलटने से 14 छात्र, दो शिक्षकों की मौत


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वडोदरा/वार्ता।** गुजरात में वडोदरा शहर के हरणी क्षेत्र में गुरुवार को एक नाव के अचानक पलट जाने से उस पर सवार 14 छात्रों और दो शिक्षकों की मौत हो गयी। कुछ लापता छात्रों और शिक्षकों की खोज की जा रही है।

अग्निशमन विभाग के एक कर्मी ने बताया कि हरणी मोटनाथ तालाब में शाम को नाव के अचानक पलट जाने से उसमें सवार एक स्कूल के छात्र और शिक्षक पानी में डूब गये। सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर पानी से 14 छात्रों और दो शिक्षकों के शव बाहर निकाल लिये हैं। अन्य लापता छात्रों और शिक्षकों पानी में ढूंढा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सनराइज स्कूल के छात्र अपने शिक्षकों के साथ तालाब में बोटिंग के लिये आये थे।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कानून का धर्म

धर्मों पंथों के विविध रूप,  
जिनके मानक होते अनेक।  
आस्था के अपने विविध रंग,  
मर्यादा जिसकी रखे टेक।  
आवश्यक इन पर विधि अंकुश,  
जन खो सकते भ्रम में विवेक।  
धर्मों के हैं अपने विधान,  
पर संविधान का धर्म एक।।

# पाकिस्तान ने ईरान में सैन्य कार्रवाई की, नौ लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में 'आतंकी ठिकानों' पर सैन्य हमले किए, जिसमें नौ लोग मारे गए।

बलूचिस्तान में ईरान के मिसाइल हमले के मद्देनजर पाकिस्तान द्वारा ईरान से अपना राजदूत वापस बुला लेने और सभी पूर्व निर्धारित उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय यात्राओं को निलंबित करने के एक दिन बाद ये हमले किए गए।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, आज सुबह पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकी ठिकानों पर समन्वित और लक्षित सैन्य हमले किए।

इसने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में कई आतंकवादी मारे गए। इस अभियान का कोडनेम ''मार्ग बार सरमाचर'' था। फारसी भाषा में ''मार्ग बार'' का मतलब है ''मृत्यु'' जबकि बलूच भाषा में ''सरमाचर'' का मतलब गुरिल्ला है।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि ड्रोन, रॉकेट, युद्धक सामग्री और अन्य हथियारों का इस्तेमाल करके सटीक हमले किए गए।

आईएसपीआर ने कहा कि ''बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) जैसे आतंकवादी संगठनों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे ठिकानों पर खुफिया-आधारित ऑपरेशन में सफलतापूर्वक हमला किया गया।

### अमेरिका ने हाउती के ठिकानों पर किये हमले

**वाशिंगटन/वार्ता।** अमेरिका ने यमन के विद्रोही समूह हाउती के खिलाफ चौथे चरण के हमले की शुरुआत की है। अमेरिका के रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुधवार रात को इसकी पुष्टि की और कहा कि अमेरिका ने यमन में ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों पर चौथे दौर का हमला किया है। हाउती की ओर से दागी गयीं लगभग 14 मिसाइलों के बारे में अमेरिका का कहना है कि उनका उद्देश्य लाल सागर में नौवहन पर हमले करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के जहाजों से दागी गई टॉमहॉक मिसाइलों से हाउती के ठिकानों पर हमला किया गया। गौरतलब है कि अमेरिका ने यमन के विद्रोह समूह हाउती को 'वैश्विक आतंकवादी' के रूप में नामित किया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि ये हमले इस क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों आतंकवादियों की ओर से किए जा रहे हमले के जवाब में किये गये। जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और ब्रिटेन ने 11 जनवरी को हाउती के कई ठिकानों पर हमले किए थे।

### कोचिंग संस्थानों के लिए निर्देश :

# 16 साल के कम उम्र के छात्रों को न करें दाखिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित नए दिशानिर्देश के मुताबिक कोचिंग संस्थान 16 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों को अपने यहां दाखिल नहीं कर सकेंगे और अच्छे नंबर या रैंक दिलाने की गारंटी जैसे भ्रामक वादे भी नहीं कर सकेंगे। कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने के लिए दिशानिर्देश एक कानूनी ढांचे की आवश्यकता को पूरा करने और बेतरतीब तरीके से निजी कोचिंग संस्थानों की बढ़ोतरी को रोकने के लिए हैं। मंत्रालय ने यह दिशानिर्देश विद्यार्थियों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों, आग की घटनाओं, कोचिंग संस्थानों में सुविधाओं की कमी के साथ-साथ उनके द्वारा अपनाई जाने वाली शिक्षण पद्धतियों के बारे में सरकार को मिली शिकायतों के बाद तैयार किए हैं। दिशानिर्देश में कहा गया, कोई भी कोचिंग संस्थान स्नातक से कम योग्यता वाले शिक्षकों को नियुक्त नहीं करेगा। कोचिंग संस्थान विद्यार्थियों के नामांकन के लिए माता-पिता को भ्रामक वादे या रैंक या अच्छे अंक की गारंटी नहीं दे सकते। संस्थान 16 वर्ष से कम उम्र के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकते। विद्यार्थियों का कोचिंग संस्थान में नामांकन माध्यमिक विद्यालय परीक्षा के बाद ही होना चाहिए। दिशानिर्देश के मुताबिक, कोचिंग संस्थान कोचिंग की गुणवत्ता या उसमें दी जाने वाली सुविधाओं या ऐसे कोचिंग संस्थान या उनके संस्थान में पढ़े छात्र द्वारा प्राप्त परिणाम के बारे में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी दावे को लेकर कोई भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित नहीं कर सकते हैं।

### भारत ने लाल सागर में सुरक्षा स्थिति को गंभीर चिंता का विषय बताया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने बृहस्पतिवार को लाल सागर में उभरती सुरक्षा स्थिति को ''गंभीर चिंता का विषय'' बताया और कहा कि वह क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के घटनाक्रम पर पैनी नजर रख रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब अदन की खाड़ी में मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर बुधवार रात ड्रोन हमला होने के बाद भारतीय नौसेना का मिसाइल विध्वंसक पोत 'आईएनएस विशाखापत्तनम' तुरंत मदद के लिए आगे आया, जहाज पर नौ भारतीयों सहित चालक दल के 22 सदस्य सवार थे। जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ''हम पूरी स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं। यह न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण जलमार्ग है। वह लाल सागर की स्थिति पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। लाल सागर का रणनीतिक महत्व है क्योंकि वैश्विक व्यापार का लगभग 15 प्रतिशत बाब अल-मंडब जलडमरूमध्य के माध्यम से गुजरता है।



# बीजेएस के निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर में 10 शल्य चिकित्साएं हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जैन संगठन (बीजेएस) द्वारा 3 दिवसीय निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अमेरिका के जाने माने प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर लैरी वेंस्टेन के निर्देशन में 10 सफल सर्जरी की गई।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश कानूंगा ने सभी का स्वागत किया। राज्य सचिव आशीष भंसाली ने प्लास्टिक सर्जरी शिविर की जानकारी दी। शिविर के लाभार्थी रणजीतमल जितेन्द्रकुमार कानूंगा का सम्मान किया गया।

उद्घाटन के मौके पर संतोष हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉक्टर भीकमचन्द संकलेचा व संतोष संकलेचा के सहयोग से संतोष अस्पताल में सजरी की गई। इस मौके पर प्रकाश बुरड़, कनकमल भंसाली, सुनील लोढ़ा सहित धनराज बोहरा, संजय कोचर, संजय सुराना आदि उपस्थित थे।





# सच्चियाय माता मन्दिर का भूमिपूजन धूमधाम से सम्पन्न

## रांका परिवार ने किया भूमिपूजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सच्चियाय माता जैन संघ के तत्वावधान में शहर में मैसूरु रोड स्थित भूखंड पर माताजी के मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष तेजराज गुलेच्छा ने सभी का स्वागत करते हुए सच्चियाय माता के बनने जा रहे प्रथम मंदिर के बारे में बताया। महामंत्री अरुण भन्साली ने मंदिर निर्माण से संबंधित योजनाओं से अवगत करवाया। कोषाध्यक्ष कुशलराज गुलेच्छा ने संपूर्ण मंदिर के परिसर की योजना एवं मंदिर निर्माण सहयोगी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि सोमपुरा चेतन भाई के निर्देशन में बिडदी के पास करीब दो एकड़ भूमि पर यह अदभुत शिल्पकला युक्त मन्दिर निर्माण होने जा रहा है।

संघ के ललित डाकलिया ने बताया कि आज के भूमिपूजन के लाभार्थी परिवार भामाशाह बाबूलाल, अशोककुमार, पवनकुमार, विक्रमकुमार रांका परिवार हैं। रांका परिवार द्वारा ही आगामी 25 जनवरी को मन्दिर की आधारशिला रखते हुए शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित है। भूमिपूजन के लाभार्थी रांका परिवार का कुशलराज गुलेच्छ, अरुण भंसाली, माणकचंद गुलेच्छा,अनिल गादिया और अशोक चौरडिया ने किया। विधिकारक तुषार गुरुजी ने विधि विधान किया तथा सुनील कुमार एंड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सुरेश सुजानी, मोतीलाल बाफना, रमेश बाफना, कांतिलाल गादिया, अशोक रांका, भंवरलाल गादिया सहित अनेक सदस्य व समाजजन उपस्थित थे।

# ‘गुण व चरित्र सुनने का नहीं, अपितु आचरण का धर्म है’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चिकमगलूर। शहर के नमिनाथ जैन संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने अपने प्रवचन में कहा कि मोक्षमार्ग का राही केवल धर्मशास्त्र की बातें सुने किंतु कुछ आचरण न करे तो सुनने मात्र से कल्याण नहीं होगा। गुण व चरित्र सुनने का नहीं, अपितु आचरण का धर्म है। जिनेश्वर के अनमोल वचन है, यदि उनके एक एक शब्द सुनकर वीतरागता के पथ पर चले हैं तो मंजिल मिल जाएंगी। वीतरागी का एक एक अक्षर वैरागी बनाने वाला है। अज्ञानी से अज्ञानी व्यक्ति भी एक एक वचन से जग सकता है। सुनने से वैराग्य आता है। प्रत्येक बुद्ध किसी एक निमित्त को लेकर वैरागी बने है। दीक्षा लेने वालों को देखते कई है पर देखने वाले दीक्षित नहीं होते। दीक्षित को देखकर आप भले ही दीक्षित न बने पर चारित्र में अच्छा चरण रखने का लक्ष्य जरूर रखें।

# रनवे पर यात्रियों के खाना खाने पर बोले सिंधिया, घटना अस्वीकार्य और शर्मनाक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुंबई हवाई अड्डे के रनवे पर यात्रियों के खाना खाने जैसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं और इसी वजह से संबंधित पक्षों पर जुर्माना लगाया गया है। सिंधिया ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

आज यहां शुरू हुए ‘विंग्स इंडिया 2024’ के दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा, घटना की सूचना मिलने के कुछ घंटे के अंदर ही आधी रात के बाद मंत्रालय के अधिकारियों की बैठक बुलाई गई। इसके तुरंत बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मंत्री ने कहा कि तीन-चार घंटे में नोटिस जारी कर दिए गए और 24 घंटे के भीतर जरूरी जुर्माना लगा दिया गया। उन्होंने कहा, यह या ऐसी कोई भी घटना हमारे लिए अस्वीकार्य है। लिहाज़ा जुर्माना लगाया गया। सिंधिया ने कहा कि दो अलग-अलग नागरिक उड्डयन आवश्यकताएं (सीएआर) जारी की गईं। उन्होंने कहा, जो हुआ वह निश्चित रूप से अस्वीकार्य था और यह एक शर्मनाक घटना थी। मुझे यह बहुत स्पष्ट रूप से कहने में कोई आपत्ति नहीं है। विमानन सुरक्षा नियामक बीसीएएस और डीजीसीए ने बुधवार को इंडिगो और मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एमआईएएल), एअर इंडिया और स्पाइसजेट पर कुल 2.70 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। मुंबई हवाई अड्डे के रनवे पर इंडिगो के यात्रियों के खाना खाने का वीडियो वायरल हो गया था। अलग अलग आदेशों के मुताबिक, घटना को लेकर नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने एयरलाइन पर 1.20 करोड़ रुपए और एमआईएएल पर 60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया।

## सिंधिया ने जीएमआर स्कूल ऑफ एविएशन की शुरुआत की

**हैदराबाद/भाषा।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यहां आयोजित विंग्स इंडिया-2024 के मौके पर एयरबस के सहयोग से स्थापित जीएमआर स्कूल ऑफ एविएशन की ऑनलाइन शुरुआत की। जीएमआर ने बयान में कहा कि यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जीएमआर एयरोस्पेस और औद्योगिक पार्क के भीतर स्थित जीएमआर स्कूल ऑफ एविएशन विमान रखरखाव इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता का प्रतीक बनने के लिए तैयार है। यह स्कूल प्रशिक्षण के साथ-साथ पूरी तरह से एकीकृत चार साल के एएमई कार्यक्रम की पेशकश करेगा। इसे नियामक नागर विमानन महानिदेशालय और यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) से प्रमाणन मिला है। स्कूल का एयरबस के साथ तकनीकी गठजोड़ है। यह भारत में अपनी तरह का पहला संस्थान है जो विमान रखरखाव इंजीनियरिंग लाइसेंसिंग कार्यक्रम के साथ विमान से संबंधित विशिष्ट प्रकार के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और विमान संरचना जैसे सहायक पाठ्यक्रम पेश करता है।



# मप्र : कोचिंग संस्थान में अचानक बेहोश होने के बाद 20 वर्षीय छात्र की मौत, वीडियो प्रसारित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** इंदौर में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय एक छात्र की एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाई के दौरान हृदय संबंधी विकार के चलते अचानक बेहोश होने के बाद मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

छात्र के बेहोश होने की घटना कोचिंग संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर आ गया है। इस वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि कोचिंग संस्थान में छात्र महज 30 सेकंड के भीतर बेहोश होकर टेबल पर गिर जाता है और उसके सहपाठी हक्का-बक्का रह जाते हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि मृत छात्र की पहचान राजा लोधी (20) के रूप में हुई है और वह प्रदेश के सागर जिले का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि इंदौर के भंवरकुआं क्षेत्र के एक निजी कोचिंग संस्थान से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे लोधी की तबीयत कक्षा में पढ़ाई के दौरान बुधवार को अचानक बिगड़ी और एक नजदीकी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# मरुधर महिला मंडल की आर्ट ऑफ पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मरुधर जैन संघ के तत्वावधान में मरुधर महिला मंडल द्वारा आर्ट ऑफ पब्लिक स्पीकिंग का सप्तदिवसीय परीक्षण कार्यशाला अक्कीपेट जैन स्थानक में सम्पन्न हुई। संघ के अध्यक्ष श्री डूंगर पारेख और महिला अध्यक्ष हेमा मकाना ने कार्यक्रम की शुरुआत की। हितेश छाजेड़, बबीता रायसोनी और मुकेश भंडारी ने 25 महिला सदस्याओं को प्रशिक्षण दिया तथा उन्हें मंच पर बोलने का अवसर देते हुए पब्लिक स्पिकिंग का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर ग्रुप एक्टिविटी के माध्यम से प्रशिक्षिकों को पब्लिक स्पिकिंग का प्रशिक्षण दिया। महिला मंडल की अध्यक्ष हेमा मकाना ने सभी का स्वागत किया। इस कार्यशाला में ‘स्वच्छ भारत, आयु एक अंक , भ्रष्टाचार, पेड़ को मत काटो, भ्रूण हत्या आदि विषयों कर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि अरविंद मांडोत ने सबको भाषा के विवेक, जेस्चर और पोस्चर के महत्व को समझाया।

उपाध्यक्ष तारा मोदी ने सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की प्रोजेक्ट निदेशिका आशा सालेचा, प्रोजेक्ट संयोजिका ममता विनायकिया ने व्यवस्था संभाली। पंचकेसरी बडेरा के मुख्य प्रायोजत्व में तथा यूआर इंफ्रा कंसल्टेंट्स के मुणोत परिवार कर सम्मान किया गया। समारोह में अक्कीपेट जैन संघ के अध्यक्ष नेमीचन्द सालेचा, मंत्रीसुरेश कानूना, सहमंत्रर कल्याण श्रीश्रीमाल, प्रकाश मेहता, मरुधर संघ के मंत्री विनोद भुरट, गौतम जैन ने अपने विचार व्यक्त किए।

# आम चुनाव के दौरान भाजपा केरल में इतिहास रचेगी : प्रकाश जावड़ेकर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोझिकोड (केरल)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने बृहस्पतिवार विश्वास जताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान ‘पार्टी केरल में इतिहास रचेगी’ क्योंकि राज्य के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निष्पक्ष रुख को पसंद करते हैं।

जावड़ेकर ने हालांकि उन कयासों पर जवाब नहीं दिया जिसमें दावा किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री लोकसभा चुनाव तिरुवनंतपुरम सीट से लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पर फैसला पार्टी की चुनाव समिति करेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने ‘पीटीआई-भाषा’ से कहा, सूची तैयार होने के बाद सार्वजनिक कर दी जाएगी। तब आपको भी पता चल जाएगा। मैं कयासों पर प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करता। उनका यह बयान प्रधानमंत्री मोदी की दो सप्ताह के भीतर केरल की दूसरी दो दिवसीय यात्रा समाप्त होने के एक दिन बाद आया है।

भाजपा के केरल प्रभारी जावड़ेकर ने कहा कि चुनाव अब महज 100 दिन दूर हैं और पार्टी को उम्मीदवारों का अभी चयन करना है और उसने अपना चुनाव प्रचार पहले ही शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने के लिए उसने ‘भित्तिचित्र, विकसित भारत संकल्प यात्रा’ जैसी पहल की हैं।

# हिमाचल : सुक्खू ने समृद्ध लोगों से अनाथ बच्चों को गोद लेने की अपील की



**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बृहस्पतिवार को समाज के समृद्ध लोगों से बाल देखभाल केंद्रों में रह रहे अनाथ बच्चों को गोद लेने की अपील कि ताकि इन बच्चों का सुखद व उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

सुक्खू ने 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना' के अंतर्गत यहां टूटी कंडी के शिशु गृह में पल रही अनाथ बच्ची ज्योति (काल्पनिक नाम) का उसके भावी माता-पिता को दत्तक ग्रहण करवाया। सुक्खू ने दंपति के नेक कार्य और समाज के धनी वर्ग को गोद लेने के विकल्प को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी सराहना की। एक आधिकारिक बयान में सुक्खू के हवाले से कहा गया, प्रदेश सरकार ने अनाथ व असहाय वर्गों के दर्द को समझा और इसी क्रम में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना आरंभ की है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के कमजोर व गरीब वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा, अनाथ बच्चों व बेसहारा वर्गों के लिए कानून के तहत योजना बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना है। सुक्खू ने कहा, इस योजना में लगभग चार हजार अनाथ बच्चों को शामिल किया गया हैं और उनकी पढ़ाई और समग्र विकास की पूरी जिम्मेदारी राज्य ने उठाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष' प्रदेश सरकार के इन प्रयासों की दिशा में एक और सार्थक पहल है। इसमें प्रदेशवासियों से बहुमूल्य योगदान मिला है, मंत्रिमंडल के सहयोगियों और विधायकों ने भी अंशदान किया है। सुक्खू ने कहा, इस योजना के दायरे में आने वाले अनाथ बच्चों के रहन-सहन, शिक्षा से लेकर उनके भविष्य को सुरक्षित करने में इस कोष का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# मराठा समुदाय को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रही सरकार : जरांगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार समुदाय को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रही है लेकिन उनका समुदाय किसी झांसे में नहीं आएगा। जरांगे ने यह भी कहा कि वह और मराठा समुदाय के सदस्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 20 जनवरी को मुंबई तक अपना विरोध मार्च शुरू करेंगे क्योंकि सरकार द्वारा आरक्षण मुद्दे का अब तक कोई समाधान नहीं निकाला गया है। उन्होंने दोहराया कि सरकार को 54 लाख मराठों को तुरंत कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करना चाहिए।

जरांगे ने संवाददाताओं से कहा, सरकार हर आंदोलन से दो-तीन दिन पहले ही हमारे पास आती है। वे मराठा समुदाय को झांसा देने और बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं; लेकिन मराठा किसी झांसे में नहीं आएगा। हम पूर्व तय कार्यक्रम की तरह 20 जनवरी को मुंबई जाएंगे क्योंकि अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। उन्होंने कहा, हम आरक्षण की मांग पर दबाव बनाने के लिए समुदाय के सदस्यों के साथ मुंबई जाएंगे।

जरांगे ने आरोप लगाया कि सरकार और कुछ मंत्री मराठा आंदोलन के खिलाफ षडयंत्र रचने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच, लातूर जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि जिले के 15 गांवों में कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अभियान चलाया गया है।



# टी दासरहल्ली के 6 स्कूलों में ‘अणुव्रत गीत महासंगान’ हुआ

आचार्यश्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के निर्देशन में अणुव्रत समिति के अमृत वर्ष के उपलक्ष्य पर पूरे भारत में गुरुवार को ‘अणुव्रत गीत महासंगान’ का आयोजन हुआ, उसी श्रृंखला में तेयुप टी.दासरहल्ली द्वारा क्षेत्र के 6 स्कूलों में इस गीत का गान किया तथा स्कूलों में 1180 बच्चों को अणुव्रत आन्दोलन एवं सदभावना, नैतिकता, नशामुक्त जीवन जीने का संदेश दिया गया। तेयुप अध्यक्ष देवीलाल गांधी ने सभी का स्वागत किया। तेरापंथ भवन में आयोजित कार्यक्रम में परामर्शक प्रकाश गांधी, तेयुप संस्थापक अध्यक्ष कन्हैयालाल गांधी, पूर्व अध्यक्ष कुशल बाबेल, निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप पोखरना, उपाध्यक्ष देवेंद्र बाबेल,मंत्री दिलीप पितलिया,सहमंत्री कैलाश गिलुंडिया, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीलाल गांधी, संगठन मंत्री सुनील दक आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे। आभार उपाध्यक्ष अशोक बोहरा ने दिया।

## ब्याज दरों में गिरावट जारी रहेगी, आगे गलती के लिए कोई गुंजाइश नहीं : आईएमएफ प्रमुख

**दावोस/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) कही प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024 में ब्याज दरों में गिरावट जारी रहनी चाहिए। साथ ही उन्होंने आगाह किया कि किसी भी नीतिगत गलती के लिए कोई जगह नहीं है, क्योंकि इस सफर का अंतिम हिस्सा बेहद मुश्किल होगा। उन्होंने यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक-2024 के दौरान एक साक्षात्कार में कहा कि केंद्रीय बैंकों को समय से पहले सख्ती नहीं करनी चाहिए। अगर ऐसा किया तो वे उस जीत को खो सकते हैं, जो अभी उनके हाथ में है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2024 में सकारात्मक रुझान जारी रहेंगे। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति दर औसतन कम हो रही है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक ने हालांकि क्षेत्रीय विसंगतियों की ओर इशारा भी किया। उन्होंने कहा कि महंगाई के रुझान काफी अलग-अलग हैं। कुछ देशों में यह पहले ही कम हो चुकी है और वहां एक उदार मौद्रिक नीति है।

# मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद अयोध्या में भगवान राम के दर्शन करूंगा : दिग्विजय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सतना/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद वह भगवान राम के दर्शन के लिए वहां जाएंगे।

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए उनकी पार्टी द्वारा निमंत्रण को अस्वीकार करने के कुछ दिनों बाद उन्होंने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में ऐसा कहा। कांग्रेस ने भाजपा-आरएसएस पर चुनावी लाभ के लिए इसे राजनीतिक परियोजना बनाने का आरोप लगाया है। राज्यसभा सदस्य ने सिंह कहा, हमें भगवान राम में आस्था है...हमें भगवान राम के दर्शन की कोई जल्दी नहीं है। एक बार (अयोध्या मंदिर का) निर्माण पूरा हो जाए तो फिर हम वहां जाएंगे। उन्होंने कहा, सबसे पहले, हमें भगवान राम के दर्शन के लिए निमंत्रण की आवश्यकता नहीं है। दूसरा, हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, किसी निर्माणाधीन मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाया, तीसरा, भाजपा, विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे एक इवेंट में बदल दिया है...किसी भी राजनीतिक दल का नाम बताइए जो इसमें भाग ले रहा है? कोई नहीं जा रहा है। कोई शंकराचार्य वहां नहीं जा रहे हैं...कोई संत नहीं जा रहा है। उन्होंने निर्मोही अखाड़े के अधिकार छीन लिए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि राम मंदिर और बाबरी मस्जिद की जगह को लेकर सालों तक विवाद चलता रहा, यह 150 साल पुराना विवाद है। उन्होंने कहा, विवाद का मूल यह था कि मंदिर वहीं बनाया जाना चाहिए जहां भगवान राम का जन्म हुआ था और जहां मस्जिद थी।

# जम्मू-कश्मीर बीमा घोटाले में ईडी ने 36 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर बीमा घोटाले के सिलसिले में दो कंपनियों- रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और ट्रिनिटी रीइंश्योरेंस ब्रोकर्स की 36 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की सावधि जमाएं और जमीन कुर्क की है। केंद्रीय एजेंसी ने संपत्ति कुर्क करने के लिए धनशोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर में एक कथित बीमा घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के क्रम में की गई है। यह मामला जम्मू-कश्मीर सरकार के कर्मचारियों, सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी की निविदा जम्मू-कश्मीर वित्त विभाग द्वारा ‘फर्जीवाड़ा’ कर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस प्रा. लि. (आरजीआईपीएल) को देने से संबंधित है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
PURVA BLUE BELLE
Adjacent to Magadi Road Metro Station
(Purple lane) Rajajinagar
3 Bedroom Jodi units
5 Bedroom + Servant room with all Luxurious Amenities.
Direct metro from here to ITPL (white field) / KR PURAM/ BYYAPPANAHALLI .
Very good Convenience those who are working above areas.
Only few units left for Sale.
Contact Owner: 9844027560

## पर्याय महोत्सव



उडुपी में गुरुवार को पर्याय महोत्सव के दौरान राज्यसभा सदस्य डॉ.डी.वीरेंद्र हेगड़े, पूर्व सीएम बी.एस.यड्डीयुरप्पा, स्पीकर यू.टी.खादर, उडुपी जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर, केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और अन्य।

# कांग्रेस के 36 विधायकों, 39 कार्यकर्ताओं को बोर्ड, निगमों में नियुक्त किया जाएगा : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस के 36 विधायकों और 39 कार्यकर्ताओं को राज्य संचालित बोर्ड और निगमों में प्रमुख पदों पर नियुक्त किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सूची ''किसी भी क्षण'' जारी कर दी जाएगी। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, बोर्ड और निगमों में नियुक्तियों में 36 विधायकों और 39 पार्टी कार्यकर्ताओं को समायोजित किया जा रहा है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी को राज्य में सत्ता में पहुंचाया है और उन्हें उचित सम्मान दिया गया है।उन्होंने कहा कि पार्टी की लोकसभा चुनाव समिति की बैठक शुक्रवार को यहां होगी। शिवकुमार ने कहा, कल हमारी पहले दौर की बैठक होगी। बैठक में जगदीश शेट्टर और लक्ष्मण सावदी (जो पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए थे) को भी आमंत्रित किया गया है।



जिला प्रभारी मंत्रियों ने सभी निर्वाचन क्षेत्रों से राय ली है और कल की बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी। कुछ मंत्रियों के लोकसभा चुनाव लड़ने के प्रति कथित तौर पर अनिच्छुक होने को लेकर उन्होंने कहा, ''अगर पार्टी चाहती है, तो सभी को चुनाव लड़ना होगा, चाहे वह मैं हूं या कोई और हो।''

शिवकुमार ने विश्वास जताया कि पार्टी कर्नाटक की कुल 28 में से कम से कम 25 लोकसभा सीटें जीतेगी। जनता दल (एस) के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के बारे में उन्होंने कहा, यह उनकी इच्छा है। मंत्री ने कहा, ''पिछली बार जब हमने जद (एस) के साथ हाथ मिलाया था, तो हमें बहुत सारी सीटें जीतने की उम्मीद थी, लेकिन हमें एक-एक सीट ही मिली।'' वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा ने 25 सीटें जीतीं और कांग्रेस और जद (एस) ने एक-एक सीट जीती। भाजपा समर्थित एक निर्दलीय भी विजयी हुआ।

कुछ भाजपा नेताओं ने टिप्पणियां की थीं कि कांग्रेस को राम मंदिर मुद्दे पर अपने रुख के कारण लोकसभा 'चुनाव में झटका' लगेगा। इस बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा, (मुख्यमंत्री) सिद्दरामैया के नाम में राम है और शिवकुमार में शिव है।

# संरक्षित मस्जिद के अंदर मदरसे पर केंद्र व कर्नाटक सरकार को उच्च न्यायालय का नोटिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर राज्य और केंद्र सरकारों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मांड्या जिले के श्रीरंगपट्टनम में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित एक मस्जिद के परिसर में अवैध रूप से मदरसा का संचालन किया जा रहा है।

मुख्य न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की खंडपीठ ने बुधवार को अभिषेक गौड़ा की याचिका पर सुनवाई की और परिवादियों को नोटिस जारी करने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि श्रीरंगपट्टनम में जुमा मस्जिद के अंदर मदरसे से मूल संरचना को नुकसान पहुंचा है। इसमें निर्माण के साथ, परिसर में तोड़फोड़, शौचालयों का निर्माण के अलावा प्राचीन नक्काशी को नष्ट किया गया है। खाना पकाने से संरक्षित मस्जिद को क्षति पहुंची है।

उन्होंने दावा किया, ''उपरोक्त सभी कार्य पूरी तरह से अवैध हैं और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम की धारा सात, नियम सात तथा आठ का उल्लंघन है।''

याचिकाकर्ता ने आगे कहा कि बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने 2022 में संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में कार्रवाई करने का अनुरोध किया था और पुलिस में शिकायत भी दर्ज की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

याचिकाकर्ता ने मस्जिद के अंदर मदरसे के बारे में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी और उसके जवाब में एएसआई ने कहा था कि संरक्षित स्थल के अंदर मदरसा संचालित करने के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई है। याचिकाकर्ता ने मस्जिद में अवैध संरचनाओं को हटाने और इसमें अवैध रूप से संचालित मदरसे को बंद करने के लिए एएसआई को निर्देश देने की मांग की है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राज्य और केंद्र सरकारों से कोई जवाब नहीं मिलने के बाद याचिकाकर्ता ने अदालत का रुख किया।

# सरकार ने कौशल शिक्षा प्रदान करने में विफल रहने वाली आठ एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने 'दीन दयाल ग्रामीण कौशल योजना' के तहत राज्य सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद उम्मीदवारों को कौशल शिक्षा प्रदान करने में विफल रहने वाली आठ परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की है। राज्य सरकार ने अधिकारियों को एजेंसियों को काली सूची में डालने तथा उनपर तुरंत आपराधिक मामले दर्ज करने का भी निर्देश दिया है।

चिकित्सा शिक्षा, कौशल विकास और आजीविका मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने बुधवार को यहां एक बैठक में उन एजेंसियों के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की, जो डिप्लोमा, आईटीआई और अन्य रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वाले उम्मीदवारों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने में विफल रही हैं।

पाटिल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा के लिए अधिकारियों को उनके खिलाफ संबंधित थानों में आपराधिक मामले दर्ज करने का निर्देश दिया।





संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुई राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जॉली एवं अन्य अधिकारीगण।

# दक्षिण और दक्षिण पश्चिम क्षेत्र का राजभाषा सम्मेलन आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण और दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन राजभाषा विभाग द्वारा शुक्रवार को संजय नगर स्थित हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।

इस संबंध में प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता गोष्ठी में जानकारी देते हुए राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जॉली ने बताया कि दक्षिण क्षेत्र के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना व कर्नाटक शामिल हैं। दक्षिण पश्चिम में केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और लक्षद्वीप आते हैं। यह सम्मेलन दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन होगा, जिसकी अध्यक्षता गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा करेंगे। दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में स्थित विभिन्न बैंकों, उपक्रमों, कार्यालयों को राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही नराकासों को नराकास राजभाषा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग की सचिव, संयुक्त सचिव सहित बड़ी संख्या में केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, बैंकों, उपक्रमों आदि के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# भारत में कोविड के उपस्वरूप जेएन-1 के 1,226 मामले दर्ज

## सबसे ज्यादा मामले कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। भारत में अब तक कोविड-19 के उपस्वरूप जेएन.1 के कुल 1,226 मामले सामने आए हैं, जिनमें कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आईएनएसएसीओजी द्वारा संकलित आंकड़ों से पता चला है कि 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने कोविड-19 के इस उपस्वरूप की उपस्थिति का पता लगाया है। कर्नाटक में जेएन.1 के 234 मामले पाए गए हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश में 189, महाराष्ट्र में 170, केरल में 156, पश्चिम बंगाल में 96, गोवा में 90, तमिलनाडु में 88 और गुजरात में 76 मामले दर्ज किए गए हैं। पीटीआई-भाषा' को मिले आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में जेएन.1 उपस्वरूप के 37 मामले, तेलंगाना में 32, छत्तीसगढ़ में 25, दिल्ली में 16, उत्तर प्रदेश में सात, हरियाणा में पांच, ओडिशा में तीन और उत्तराखंड एवं नगालैंड में एक-एक मामला दर्ज किया गया है।

देश में कोविड मामलों की संख्या में वृद्धि और जेएन.1 उपस्वरूप का पता चलने के बीच केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से निरंतर निगरानी बनाए रखने को कहा है। राज्यों को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से साझा किये गये विस्तृत दिशा-निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। ये दिशा-निर्देश कोविड-19 के लिए संशोधित निगरानी रणनीति को लेकर जारी किये गये हैं। राज्यों से कहा गया है कि वे मामलों की बढ़ती प्रवृत्ति का जल्द पता लगाने के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में इन्फ्लूएंजा और गंभीर श्वसन जैसी बीमारी से पीड़ित होने के मामलों की नियमित रूप से निगरानी करें और जिलावार रिपोर्ट भेजें।

# एमआरटीएस प्रोजेक्ट में लॉन्चिंग के दौरान गार्डर गिर गया

चेन्नई। यहां के वेलाचेरी से सेंट थॉमस माउंट तक एमआरटीएस रेलवे लाइन के विस्तार के संबंध में, एडमबक्कम और सेंट थॉमस माउंट के बीच बॉक्स गर्डर लॉन्च करने का कार्य प्रगति पर है। गुरवार को सायं 6.15 बजे थिल्लई गंगा नगर के पास सिंक्रोनाइज्ड हाइड्रोलिक जैक के साथ एलिवेटेड एडमबक्कम और सेंट थॉमस माउंट रेलवे स्टेशनों (पियर नंबर 157 और 158 के बीच) के बीच 40 मीटर लंबे गर्डर को लॉन्च करते समय, गर्डर नीचे गिर गया था सड़क का एक छोर जबकि दूसरा छोर स्थिति में था। एक तरफ का जैक न उठ पाने के कारण गार्डर एक तरफ से गिर गया था। प्रत्येक 200 टन क्षमता के सिंक्रोनाइज्ड हाइड्रोलिक जैक के साथ लोअरिंग की गई।

राज्य पुलिस की अनुमति से सड़क यातायात को विधिवत डायवर्ट करके यह कार्य किया गया है। इसलिए लॉन्च से पहले सभी आवश्यक सावधानियां बरती गईं और परिणामस्वरूप कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ और न ही किसी संपत्ति को कोई नुकसान हुआ। रेलवे प्रशासन गिरे हुए गर्डर को हटाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है और इस दुर्घटना का कारण एक छोर पर लिफ्टिंग जैक का फेल होना है।

# मोदी तमिलनाडु के मंदिरों में करेंगे पूजा, श्लोक व भजन भी सुनेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 और 21 जनवरी को तिरुचिरापल्ली के प्रसिद्ध श्री रंगनाथस्वामी मंदिर सहित तमिलनाडु के अन्य महत्वपूर्ण मंदिरों का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उसके मुताबिक प्रधानमंत्री 20 जनवरी को सुबह लगभग 11 बजे रंगनाथस्वामी मंदिर में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री इस मंदिर में कम्बा रामायणम के श्लोकों का पाठ करने वाले विभिन्न विद्वानों को भी सुनेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर करीब दो बजे रामेश्वरम पहुंचेंगे और श्री अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। अगले दिन 21 जनवरी को वह धनुषकोडी के कोठांदरामास्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे।



पीएमओ ने कहा कि धनुषकोडी के पास प्रधानमंत्री अरिचल मुनाई भी जाएंगे, जिसे वह स्थान कहा जाता है जहां से राम सेतु का निर्माण किया गया था। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले पिछले कुछ दिनों से प्रधानमंत्री लगातार मंदिरों में जा रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी स्थित वीरभद्र और केरल के गुरुवायूर में विश्वविख्यात भगवान कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की थी। इससे पहले, उन्होंने नासिक के भी एक मंदिर का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने विभिन्न भाषाओं जैसे मराठी, मलयालम और तेलुगु में रामायण मंत्रोच्चार में भाग लिया।

पीएमओ ने कहा कि अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में वह एक श्री रामायण पर्याण' कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में आठ अलग-अलग पारंपरिक मंडली संस्कृत, अवधी, कश्मीरी, गुरुमुखी, असमिया, बांग्ला, मैथिली और गुजराती रामकथा (अयोध्या में श्री राम की वापसी के प्रकरण का वर्णन करते हुए) का पाठ करेंगी।


पीएमओ ने कहा, यह भारतीय सांस्कृतिक लोकाचार और जुड़ाव के अनुरूप है, जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के मूल में है।'' श्री अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में प्रधानमंत्री भजन संध्या में भी भाग लेंगे, जहां शाम को मंदिर परिसर में कई भक्ति गीत गाए जाएंगे।

## पुष्प प्रदर्शनी









बेंगलूरु में गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने लालबाग में गणतंत्र दिवस पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

# भाजपा शासन में राज्य अधिकारों से वंचित; राज्यपालों के जरिए शासन चलाना संविधान के खिलाफ : स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक दशक के शासन के दौरान राज्य अपने अधिकारों से वंचित हो गए हैं। साथ ही स्टालिन ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद विपक्षी दलों के इंडिया' गठबंधन की नयी सरकार बनेगी, जिसके बारे में उनका मानना है कि वह राज्यों की स्वायत्तता का सम्मान करेगी। स्टालिन ने निर्वाचित सरकार के बजाय राज्यपालों के माध्यम से सत्ता चलाने की 'अधिकारवादी प्रवृत्ति' की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह राज्यों के हितों के खिलाफ होने के साथ-साथ भारत के संविधान का भी उल्लंघन है। सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम के अध्यक्ष स्टालिन ने कहा, केंद्र में भाजपा के दस साल के शासन में कई राज्य अपने अधिकारों से वंचित हो गए हैं। स्टालिन ने 21 जनवरी को सेलम में द्रमुक की युवा शाखा के दूसरे राज्य सम्मेलन से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे एक पत्र में कहा कि राज्यपालों के कारण देश में राजनीतिक स्तर में गिरावट देखी जा रही है, जो उन्हें सौंपी गई उच्च जिम्मेदारियों के लिए बिल्कुल भी योग्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि द्रमुक के पास उस निराशाजनक राजनीति को लोकतांत्रिक तरीके से हराने की ताकत है, जिसे भारतीय जनता पार्टी के नेता धार्मिक घृणा को बढ़ावा देकर, मातृभाषा तमिल पर हिंदी और संस्कृत को थोपकर और तमिल विद्वान तिरुवल्लुवर सहित सभी का भगवाकरण करके कर रहे हैं।

# मलेशिया जा रहे एक विमान का टायर फटा

चेन्नई। कुआलालंपुर जा रहे एक अंतरराष्ट्रीय विमान का बृहस्पतिवार को यहां टायर फट गया ,हालांकि इसमें सवार सभी 130 यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें विमान से सुरक्षित तरीके से उतार लिया गया। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विमान का पिछला टायर मलेशिया की राजधानी के लिए उड़ान भरने से कुछ वक्त पहले फट गया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सी एस आई आर – केन्द्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)
महात्मा गांधी एवेन्यू, दुर्गापुर – 713 209 (पश्चिम बंगाल)

सं. 04/18/2023- Rct. दिनांक: 17.01.2024

**विज्ञापन संख्या – 01/2024**

**प्रोजेक्ट - जेआरएफ/एसआरएफ/सीनियर प्रोजेक्ट एसोशिएट/रिसर्च एसोशिएट/प्रोजेक्ट एसोशिएट/जूनियर प्रोजेक्ट फेलो/प्रोजेक्ट असिस्टेंट पद के लिए सीधा-साक्षात्कार**

**सीएसआईआर-सीएमईआरआई, दुर्गापुर में** विभिन्न अभियांत्रिकी तथा विज्ञान परिक्षेत्रों में **पीएचडी/मास्टर/स्नातक/डिप्लोमा** योग्यता धारकों के लिए **प्रोजेक्ट - जेआरएफ/एसआरएफ/सीनियर प्रोजेक्ट एसोशिएट/रिसर्च एसोशिएट/प्रोजेक्ट एसोशिएट/जूनियर प्रोजेक्ट फेलो/प्रोजेक्ट असिस्टेंट** के रूप में विभिन्न परियोजनाओं के अधीन अस्थाई नियुक्ति तथा विभिन्न आर एंड डी परियोजनाओं में कार्य करने का अनुभव प्राप्त करने तथा कौशल विकास में भाग लेने हेतु अवसर प्रदान करने के लिए लगभग **24(चौबीस) उम्मीदवारों** के चयन हेतु **दिनांक 01-02 फरवरी, 2024** को एक सीधे-साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। विस्तृत विज्ञापन तथा अन्य जानकारी अर्थात् परिक्षेत्र, रिक्त पदों का विवरण, समेकित पारिश्रमिक, पात्रता के मानदंड, उम्र, कार्य अवधि, आवेदन प्रपत्र, इत्यादि के लिए इच्छुक उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट: **www.cmeri.res.in → Opportunity → Career → Vacancy → Advt. No. 01/2024** पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

प्रशासनिक अधिकारी

/cmeri.res.in /CSIR CMERI CSIRCMERIDgp /csir_cmeri /csircmeri.blogspot.com



# आज कानून से ऊपर कोई नहीं है : उपराष्ट्रपति धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कुछ लोग समझते हैं कि वह कानून से ऊपर हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ठान लिया है कि देश में प्रजातांत्रिक मूल्यों का राज रहेगा और कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश की तरक्की देखकर कुछ लोगों का 'हाजमा' गड़बड़ा गया है। राजस्थान के टोंक जिले के निवाई स्थित वनस्थली विद्यापीठ के 40वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, यदि कुछ लोग समझते हैं कि वे कानून से ऊपर हैं..... जब कोई अपने आप को कानून से ऊपर समझता है तो बाकी लोग हताश हो जाते हैं कि ये हमसे अलग क्यों हैं। हमारे बराबर क्यों नहीं है?

उन्होंने कहा, प्रजातांत्रिक व्यवस्था में तो सभी बराबर होते हैं। सभी को कानून के सामने हिसाब देना होता है। उन्होंने कहा, भारतीयता हमारी पहचान है, हम भारतीय हैं, इस पर हमें गर्व है। और देश के अंदर अप्रत्याशित अकल्पनीय विकास की गंगा जो बह रही है, उसमें हम भागीदार हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, भारत को 2047 तक दुनिया का सबसे विकसित देश बनाने का भार, मेरे कंधे पर नहीं है, आपके कंधे पर है।

धनखड़ ने वनस्थली विद्यापीठ में अध्ययनरत विभिन्न संकायों की 4 हजार 635 छात्राओं को उपाधियां प्रदान कीं जिनमें 233 दीक्षार्थियों को पीएचडी उपाधि एवं 119 छात्राओं को मुख्य अतिथि ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया।

## राजस्थान के अनेक इलाके कड़ाके की सर्दी की चपेट में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सर्द पूर्वी हवाओं के असर से राजस्थान के अनेक इलाके कड़ाके की सर्दी की चपेट में हैं। बीते चौबीस घंटे में गंगानगर, जैसलमेर व पिलानी में 'अति शीत दिवस' दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार गंगानगर में बुधवार को अधिकतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो औसत से 11.7 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विभाग के अनुसार बीते चौबीस घंटे में पिलानी में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री, अलवर में 5.5 डिग्री, जयपुर में 5.8 डिग्री, गंगानगर में 5.7 डिग्री, सिरोही, चुरु व जैसलमेर में 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के गंगानगर व हनुमानगढ़ इलाके में अधिकतम तापमान भी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आने के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ रही है।

# कांग्रेस सरकार द्वारा आखिरी दौर में किए फैसलों की समीक्षा होगी : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की नवगठित भजनलाल शर्मा सरकार की पहली मंत्रिमंडल बैठक बृहस्पतिवार को यहां हुई जिसमें गत कांग्रेस सरकार द्वारा कार्यकाल के अंतिम दौर में किए गए फैसलों की समीक्षा करवाने तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) की मुख्य परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने सहित कई फैसले किए गए। इसके साथ ही सरकार ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र 'संकल्प पत्र' को नीतिगत दस्तावेज घोषित कर दिया है। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा,आज की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा पिछले छह महीने में लिए गए निर्णयों की एक समिति समीक्षा करेगी। समिति अपनी समीक्षा रिपोर्ट तीन महीने में मुख्यमंत्री को पेश



करेगी।'' राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 2023 विधानसभा चुनाव के 'संकल्प पत्र' को राजस्थान की भजनलाल सरकार ने नीतिगत दस्तावेज का दर्जा दिया है। उनके अनुसार इसी तरह लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि 2008 को बहाल करने का फैसला किया गया है। इससे आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ने वाले मीसा बंदियों को फिर से पेंशन मिलेगी। राठौड़ ने बताया कि इन्हें 20000 रुपए प्रति माह की पेंशन एवं 4000 रुपए मासिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध करायी जाएगी।

उन्होंने कहा कि 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की जो घोषणा पार्टी ने अपने 'संकल्प पत्र' में की थी उसे एक जनवरी से लागू कर दिया गया है। राज्य में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जुड़े लगभग 70 लाख परिवार सहित 72.83 लाख परिवार इसके पात्र हैं। प्रत्येक परिवार को एक माह में एक सिलेंडर सब्सिडी पर दिया जाएगा।

राज्य मंत्रिमंडल ने इसके साथ ही राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) की इसी महीने प्रस्तावित मुख्य परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। इस अवसर पर मौजूद मंत्री किरोड़ी मीणा ने कहा, सरकार ने आंदोलनकारी अभ्यर्थियों की मांग को उचित मानते हुए परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने का फैसला किया है। वहीं केंद्रीय लोकसेवा आयोग की तर्ज पर राजस्थान लोकसेवा आयोग भी अपना परीक्षा कैलेंडर जारी करेगा।'' उल्लेखनीय है कि अभ्यर्थी परीक्षा को आगे बढ़ाने को लेकर यहां धरना दे रहे थे। मीणा ने 22 जनवरी को राज्य में छुट्टी किए जाने की अटकलों को खारिज किया।



# प्रधानमंत्री ने डूंगरपुर की महिला लाभार्थी से किया संवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थी संवाद में वीसी के माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने डूंगरपुर जिले से जुड़ी महिला लाभार्थी से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत बहुत तेजी से बदल रहा है। नए भारत के निर्माण का संकल्प चारों तरफ दिखाई दे रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का विकास रथ, विश्वास रथ है। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में यात्रा नहीं पहुंची है, वहां बेसब्री से इंतज़ार हो रहा है। लोगों की मांग को देखते हुए यात्रा 26 जनवरी से आगे फरवरी महीने में भी चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने अब जन आंदोलन का रूप ले लिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हर परिवार को पक्का घर, गैस कनेक्शन, पानी, बिजली, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कार्य किया जा रहा है। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। हमारा प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी लाभ सुनिश्चित हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने सागवाड़ा पंचायत समिति की वरसिंगपुर ग्राम पंचायत से पाल माविता गांव की लाभार्थी श्रीमती ममता से संवाद किया। श्रीमती ममता ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। ममता बीए पास है तथा उन्हें पीएम आवास योजना, शौचालय, पीएम उज्ज्वला, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, एनआरएलएम-राजीविका, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ मिला है। श्रीमती ममता राजीविका समूह से जुड़ी है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ऋण लेकर सब्जी की खेती की, बोरिंग खुदवाया, पति को डेयरी बूथ खुलवाया। उन्होंने कहा कि वे मोदी के महिलाओं के उत्थान के विजन की प्रशंसक है। मोदी ने कहा कि आप जैसी महिलाओं की मदद से 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प जल्द साकार होगा। उन्होंने डूंगरपुर जिले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की टेक्नो फ्रेंडली एप्रोच की सराहना की।



# मिश्र ने मेहंदीपुर बालाजी से अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर महाप्रसाद के ट्रकों को रवाना किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने गुरुवार को दौसा जिले में स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में दर्शन किए और मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट की ओर से अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मौके भेजे गए महाप्रसाद के ट्रकों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

मिश्र ने मुख्य मंदिर में दर्शन कर देश और प्रदेशवासियों की समृद्धि, संपन्नता और खुशहाली की कामना की। उन्होंने मेहंदीपुर बालाजी स्थित राम मंदिर में भी पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट की ओर से अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भेजे गए महाप्रसाद के रूप में 51 हजार किलो वजन के ढाई लाख देशी घी के लड्डू के ट्रकों को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सांसद घनश्याम तिवाड़ी भी मौजूद थे। ट्रस्ट द्वारा महाप्रसाद के साथ एक लाख राम नाम के दुपट्टे और दो हजार कंबल भी अयोध्या भेजे गए हैं।



# विधानसभा में राज्यपाल अभिभाषण से पहले हुई सर्वदलीय बैठक, सभी दलों के सहयोग से शान्तिपूर्ण चलेगा सदन : वासुदेव देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के प्रथम सत्र की पुनः बैठकें शुक्रवार 19 जनवरी से प्रारम्भ होंगी। इससे पहले गुरूवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में सर्वदलीय बैठक बुलाई। देवनानी की राजस्थान विधानसभा में सदन चलाने के लिए सर्वदलीय बैठक का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है। देवनानी ने की सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता - विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए। सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिलेगा। विधान सभा का सदन अधिक से अधिक दिन चले इसके लिए सभी दलों के सभी सदस्यों को सकारात्मक सोच रखनी होगी। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने की जिम्मेदारी सोलहवीं विधानसभा के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों की है।

सदन में राज्यपाल का होगा पूरा सम्मान- राज्यपाल के अभिभाषण को सभी सदस्यों को शान्तिपूर्वक सुनने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने आग्रह किया। राज्यपाल का पद संवैधानिक होता है। सदन में राज्यपाल का पूरा सम्मान होना चाहिए, इसके लिए राज्यपाल अभिभाषण के समय शांति रखे व अभिभाषण को धैर्य पूर्वक सुने। सदन में तख्तियां या प्लेकार्ड कोई भी नहीं लावें। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सभी दलों को चर्चा के लिए नियमानुसार समय आवंटित किया जायेगा। समय सीमा में ही सदस्य अधिक से अधिक अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि यह दल के नेता कि जिम्मेदारी होगी कि उनके दल का सदस्य सदन में अपनी बात को आवंटित समय में ही रखने का प्रयास करे।

जनहित के मुद्दों पर बहस के लिए आवश्यकता होने पर सदन देर तक भी चलेगा- देवनानी ने कहा कि यह सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पवित्र स्थल है। इस स्थल की गरिमा को बनाऐं रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी। इसके लिए यदि सदन को देर तक चलाने की आवश्यकता होगी तो सदन को देर तक चलाया जायेगा।

उन्होनें कहा कि समस्याओं का हल बातचीत से होता है। सदन में समस्याओं के निस्तारण का प्रयास होगा। यहां पर सदस्यों की बातों को गम्भीरता से लिया जायेगा, उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण भी कराया जायेगा।

प्रश्नों के जवाब समय सीमा में प्रस्तुत करायें जाऐंगे- देवनानी ने प्रश्नों के उत्तर नहीं आने पर चिन्ता जताते हुए कहा कि अब समय पर प्रश्नों के जवाब मंगाये जायेंगे।



# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से अनेक योजनाओं का लाभ गरीबों को मिला : जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष सी पी जोशी ने कहा है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी की वजह से ही गरीबों को अनेक योजनाओं का लाभ को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाडी पूरे देश की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है जिसका स्वागत लाभार्थियों के साथ-साथ गांव के लोग भी कर रहें है, क्योंकि उन्हें विश्वास है कि इसकी वजह से ही अनेक योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। जोशी बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के प्रसारण के दौरान पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उपस्थित रहे। उन्होंने बाद में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समय-समय पर डिजिटल ढंग से जुडकर लाभार्थियों से संवाद स्थापित करते हैं जिससे लोगों में जोश और ऊर्जा का संचार होता है। जोशी ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की मजबूत सरकार बनने के साथ ही जनता को भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त और भय मुक्त शासन देने की दिशा में काम शुरू हो चुका है।

# मुख्यमंत्री शर्मा को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद एजेंसियां सतर्क

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। एक कैदी ने बुधवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में फोन कर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी दी जिसके बाद राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई की गई है।

उन्होंने कहा कि जेल से फोनकर मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी गई, इसके बाद दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने कहा, इस मामले में तत्काल कार्रवाई की गई है। दो कर्मचारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। निश्चित रूप से जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।' उन्होंने कहा कि पहले भी जेलों में मोबाइल फोन मिले हैं, ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए सभी जेलों में 'तलाशी अभियान' चलाया जायेगा।

यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम से जुड़े मामले में सजा काट रहे एक अपराधी ने बुधवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में फोन कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने जब इस पूरे मामले की जांच की और फोन की लोकेशन खंगाली तो आरोपी की लोकेशन केन्द्रीय कारागार निकली।

# महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर स्तर पर किए जाएंगे बेहतर प्रयास : कुणाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। महिला एवं बाल विकास शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने गुरुवार को झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित निदेशालय महिला अधिकारिता में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करें। उन्होंने सौ दिवसीय कार्य योजना की प्रगति पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुसार महिला अधिकारिता विभाग की ओर से




महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर स्तर पर बेहतर प्रयास किए जाएंगे। शासन सचिव ने निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओमप्रकाश बुनकर, अतिरिक्त निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं लोकेश सहल, अतिरिक्त निदेशक जेंडर एवं प्रभारी उड़ान योजना श्रीमती प्रीति माथुर, वित्तीय सलाहकार निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं बी एस लाडला, वित्तीय सलाहकार महिला अधिकारिता करतार सिंह एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में उड़ान योजना की समीक्षा की।



# राजभवन में पौष बड़ा का हुआ आयोजन

जयपुर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर कार्य संस्कृति के लिए मिलजुल कर कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल के निर्देश पर राज भवन में गुरुवार को इसी संदर्भ में पौष बड़ा प्रसादी का वितरण किया गया। इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन स्थित राज राजेश्वर मंदिर में भगवान शिव की और खाटूश्याम जी की पूजा अर्चना कर सभी की सुख-सम्पन्नता की कामना की। इस अवसर पर राजभवन में खाटूश्याम जी के भजनो की प्रस्तुति हुई जिसमे राजभवन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

## उत्तर प्रदेश में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों और सेमी कंडक्टर नीति 2024 को मिली मंजूरी

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में सेमी कंडक्टर नीति 2024 के साथ ही प्रदेश में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही गोरखपुर के मुंडेरा बाजार नगर पंचायत के नाम को बदलकर चौरी-चौरा करने के प्रस्ताव पर भी मंत्रिपरिषद की मुहर लग गई।

यहां लोक भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी दी। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद ने बहु प्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी प्रदान की है। भारत में यह उद्योग अभी शैशवावस्था में है। अब तक केवल गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु ने इसे लेकर नीति बनाई थी। उत्तर प्रदेश चौथा राज्य है, जहां सेमीकंडक्टर नीति 2024 बनाई गई है और उसे विशेषज्ञों ने सर्वोत्तम नीति बताया है।



## 'नेताजी' जीवित होते तो प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में निश्चित रूप से जाते : अपर्णा

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की बहू भाजपा नेता अपर्णा यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर 'नेताजी' (मुलायम) जीवित होते तो वह निश्चित रूप से अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए जाते। अपर्णा से 'पीटीआई-भाषा' ने पूछा था कि अगर मुलायम सिंह यादव जीवित होते तो क्या उन्होंने प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण स्वीकार किया होता। उसपर उन्होंने (अर्पणा) ने कहा ''मेरी समझ से वह जरूर जाते।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को लिखा एक पत्र साझा किया था। इसमें उन्होंने कहा था, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के स्नेह निमंत्रण के लिए धन्यवाद एवं समारोह के सकुशल संपन्न होने की हार्दिक शुभकामनाएं। इसी पत्र में उन्होंने कहा था, हम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पश्चात सपिरवार दर्शनार्थी बनकर अवश्य आएंगे। आज प्राप्त निमंत्रण के लिए पुन: धन्यवाद। भाजपा नेता अपर्णा यादव ने कहा कि उन्हें प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को निमंत्रण मिला है। उन्होंने कहा कि यह हर सनातनी के लिए गर्व की बात है कि प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी का यह क्षण आया है। विपक्ष द्वारा इसे भाजपा का कार्यक्रम बताए जाने पर अपर्णा यादव ने कहा, यह उनकी संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है।

## सचिन के डीप फेक वीडियो पर चिंता जताने के बाद गेमिंग साइट, एक फेसबुक पेज के खिलाफ एफआईआर

**मुंबई/भाषा।** सचिन तेंदुलकर द्वारा उनके एक डीप फेक वीडियो पर चिंता जताए जाने के बाद मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक गेमिंग साइट और एक फेसबुक पेज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस वीडियो में उन्हें गेमिंग से जुड़े एक एप्लिकेशन (ऐप) का प्रचार करते हुए दिखाया गया था जो उपयोगकर्ताओं को आसानी से पैसे कमाने का लालच देता है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि) और आई टी अधिनियम की धारा 66 (ए ) ( संचार सेवाओं के जरिये अपमानजनक संदेश भेजना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। तेंदुलकर के निजी सचिव ने पश्चिम क्षेत्र के साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इससे पहले इस वीडियो में तेंदुलकर को इस एप्लिकेशन की खूबियों के बारे में बताते हुए दिखाया गया है। वह कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता था कि पैसा कमाना इतना आसान हो गया है तथा उनकी बेटी भी इसका उपयोग करती है। सर्वकालिक महान क्रिकेटरों में से एक तेंदुलकर ने इस वीडियो के साथ संदेश पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने तकनीक के दुरुपयोग पर चिंता जताई थी। तेंदुलकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था, ये वीडियो फर्जी हैं। टेक्नोलॉजी का इस तरह से दुरुपयोग परेशान करने वाला है।

# केजरीवाल को 'सर्दी में पसीना आ रहा है'; गिरफ्तारी की आशंका से कांप रहे हैं : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की बार-बार तामील नहीं करने के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना की और कहा कि उन्हें गिरफ्तारी का डर है क्योंकि वह जानते हैं कि वह कथित आबकारी घोटाले के 'सरगना' हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के संबंध में जांच एजेंसी द्वारा जारी चौथे समन को दरकिनार करते हुए पूछा कि यदि वह मामले में आरोपी नहीं हैं तो उन्हें समन क्यों जारी किए गए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केजरीवाल ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए क्योंकि उन्हें 'सर्दी



में पसीना' आ रहा है और गिरफ्तारी की आशंका से 'कांप' रहे हैं क्योंकि वह जानते हैं कि वह आबकारी पुलिस घोटाले के सरगना हैं।

भाटिया ने केजरीवाल को भेजे गए ईडी के समन को न्यायोचित बताया और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक से पूछा कि वह पत्र लिखने और उसके समन से भागने के बजाय जांच एजेंसी की कार्रवाई को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख क्यों नहीं करते। उन्होंने कहा, आपको सर्दियों में पसीना आ रहा है और डर से कांप रहे हैं। सलाखों में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, केजरीवाल से पूछ रहे हैं कि वह कब उनके साथ (जेल में) होंगे।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अब यह 'निश्चित' प्रतीत होता है कि शराब घोटाले के 'सरगना' को सलाखों के पीछे जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा, अब यह साफ हो गया है कि अरविंद केजरीवाल जानते हैं कि उन्होंने हजारों करोड़ रुपए का यह घोटाला किया है।

अरविंद केजरीवाल को पता चल गया है कि उनका भविष्य अंधकार में है। उन्होंने कहा, सुनिए अरविंद केजरीवाल!, आप कानून से ऊपर नहीं हैं। जिन लोगों पर आरोप लगे हैं या जिन्हें समन जारी किया गया है, वे कुछ समय के लिए कानून से दूर रहे सकते हैं लेकिन इससे बच नहीं सकते। आप बचने वाले नहीं हैं।



धनखड़ ने जनजातीय छात्रों से कहा

# असफलताओं से कभी घबराएं नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को आदिवासी छात्रों से कहा कि वे असफलता से निराश न हों क्योंकि यह उनकी क्षमताओं का संकेतक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत बदल गया है और यही कारण है कि एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं, एक 'किसान पुत्र' उपराष्ट्रपति हैं और अन्य पिछड़ा वर्ग के एक व्यक्ति प्रधानमंत्री हैं।

अपने आधिकारिक आवास पर जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने वाले जनजातीय छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत करते हुए धनखड़ ने कहा कि आदिवासी इस देश के स्वामी हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वालों को शहरों में कभी भी डरना नहीं चाहिए और शहरी क्षेत्रों को उनकी ताकत आदिवासियों और ग्रामीणों से मिलती है।

धनखड़ ने कहा कि किसी को असफलता से निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि यह उस व्यक्ति की क्षमताओं का संकेतक नहीं है।

अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महसूस किया कि आदिवासी इलाकों की पहचान उनके खनिज संसाधनों से नहीं बल्कि वहां के लोगों से होनी चाहिए।

## घने कोहरे के कारण रांची हवाई अड्डे पर 14 उड़ानें रद्द

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** घने कोहरे के कारण बृहस्पतिवार को यहां बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर 14 उड़ानें रद्द कर दी गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। किसी भी उड़ान के रवाना होने या सुरक्षित तरीके से उतरने के लिए 1,300 मीटर से ऊपर की दृश्यता की आवश्यकता होती है। एक मौसम अधिकारी ने बताया कि रांची में बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे तक दृश्यता 50 मीटर से 500 मीटर के बीच रही।

रांची हवाई अड्डा के निदेशक आरआर मौर्य ने पीटीआई-भाषा को बताया, खराब मौसम के कारण आज दोपहर दो बजे तक 14 उड़ानों का आगमन और प्रस्थान रद्द कर दिया गया। उन्होंने कहा कि दोपहर में भी घने कोहरे के कारण कई और उड़ानें रद्द की जा सकती हैं। वर्तमान में, कुल मिलाकर 44 उड़ानें बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से संचालित होती हैं। उड़ानें रद्द होने से कई यात्री हवाई अड्डा पर फंसे हुए हैं।

हवाई अड्डा के एक अन्य अधिकारी ने कहा, यह उड़ान संचालकों की जिम्मेदारी है कि वे यात्रियों की समस्याओं से कैसे निपटते हैं।

# ईडी के समन गैरकानूनी, भाजपा मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है : केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें जारी किए गए समन 'गैरकानूनी' और उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा चुनावों से पहले उन्हें गिरफ्तार करने के लिए समन जारी किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते सप्ताह ईडी ने उन्हें चौथी बार समन जारी किया और 18 या 19 जनवरी को एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। उन्होंने कहा, ईडी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चला रही है। उनका एकमात्र मकसद मुझे गिरफ्तार करना है ताकि मैं आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार नहीं कर सकूं।



केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने अपना जवाब केंद्रीय एजेंसी को भेज दिया है। उन्होंने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, मुझे भेजे गए चारों समन कानून की नजर में गैरकानूनी हैं। ऐसे आम, गैर-विशिष्ट समन को अतीत में अदालतों द्वारा रद्द कर दिया गया है। मैंने बार-बार ईडी को पत्र लिखकर कहा कि यह समन अवैध हैं लेकिन उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये नोटिस राजनीतिक साजिश के तहत उन्हें भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराब नीति मामले में दो साल से जांच चल रही है लेकिन अभी तक कुछ नहीं मिला।

## गांधी परिवार भारत में सबसे भ्रष्ट : हिमंत



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि गांधी परिवार देश में सबसे भ्रष्ट है। उनका यह बयान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस आरोप के बाद आया है कि असम में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार देश में सबसे भ्रष्ट है।

मुख्यमंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, गांधी परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। यह 'न्याय यात्रा' नहीं, मियां यात्रा' है। जहां भी मुसलमान हैं, वे उन जगहों पर जाते हैं।

'मियां' मूल रूप से असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक अपमानजनक शब्द है। हाल के वर्षों में समुदाय के कार्यकर्ताओं ने अवज्ञा के संकेत के रूप में इस शब्द को अपनाना शुरू कर दिया है।

गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ी न्याय यात्रा' ने आज दिन में नगालैंड से असम में प्रवेश किया।

## गरीबी कम होने का आंकड़ा गलत, 25 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज से वंचित करने की साजिशः कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने पिछले नौ साल में 24.82 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने संबंधी आंकड़े को गलत करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नीति आयोग का परिचर्चा पत्र वैश्विक मानकों से हटकर तैयार किया गया है तथा किसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह दावा भी किया कि सरकार ने 25 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज और दूसरी योजनाओं से वंचित करने की साजिश रची है।

नीति आयोग के परिचर्चा पत्र के अनुसार, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17% थी जो 2022-23 में घटकर 11.28% रही। इसके साथ इस अवधि के दौरान 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी



से बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस आंकड़े को उत्साहजनक करार दिया था। सुप्रिया श्रीनेत का कहना था, प्रधानमंत्री से लेकर मंत्रियों और भाजपा नेताओं तक ने नीति आयोग का हवाला देकर जो दावे किए वो खोखले साबित हुए। सरकार ने कहा कि 25 करोड़ लोगों को बहुआयमी निर्धनता से बाहर निकाल दिया। अगर सरकार की माने तो सब चंगा सी है, लेकिन जमीनी हकीकत इस तरह के जुमले से बिल्कुल उलट है। उन्होंने सवाल किया, अगर गरीबों की संख्या कम हो गई तो खपत कम क्यों हो रही है? अगर ऐसा है तो 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन क्यों देना पड़ा रहा है?



## बीजद ने ढूंढी काट, भाजपा के 'जय श्री राम' के मुकाबले 'जय जगन्नाथ'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुरी/भाषा।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले ही देश भर का माहौल 'राम मय' करने के भाजपा के प्रयासों और हिन्दू मतदाताओं के एक बड़े वर्ग के उसके पक्ष में जाने की आशंका को देखते हुए ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) सरकार 'जय जगन्नाथ' के रथ के सहारे अपनी कल्याणकारी योजनाओं का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिशों में जुट गई है।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को वैदिक मंत्रोचार के बीच पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के गलियारे का लोकार्पण किया और अब अगले एक माह तक इस परियोजना को देखने के लिए राज्य के अलग-अलग हिस्सों से हर दिन लगभग 10,000 लोगों की यात्रा को प्रायोजित करने की योजना राज्य सरकार ने तैयार की है। ओडिशा में इस साल लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव भी होने हैं।

बीजद के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पटनायक के हाथों में 23 से अधिक साल से राज्य की बागडोर है और वह हर उस खतरे से वाकिफ हैं जो प्रतिद्वंद्वियों की ओर से पेश किया जा सकता है। उन्होंने कहा, भाजपा राम मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिए क्या करना चाहती है...नवीन बाबू इससे बेखबर नहीं हैं। उन्होंने कहा, तुम (भाजपा) करो 'जय श्री राम' तो हमारे पास हैं प्रभु जगन्नाथ...जय जगन्नाथ।

जगन्नाथ मंदिर गलियारे का विकास बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर किया गया है। इसके उद्घाटन समारोह में देश के सभी प्रमुख मंदिरों के शीर्ष प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

अधिकारियों ने बताया कि अब राज्य के लगभग 10,000 मंदिरों व विभिन्न पूजा स्थलों के जीर्णोद्धार की भी तैयारी है।

## अदालत के आदेश के पालन एवं संविधान की रक्षा के लिए सपा सरकार ने चलवाई थी कारसेवकों पर गोली : शिवपाल



**इटावा (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के महासचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि अक्टूबर 1990 में अदालत के आदेश का पालन करने और संविधान की रक्षा करने के लिए तत्कालीन सपा सरकार के राज में अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलाई गई थी। यादव ने बातचीत में 1990 में अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलाए जाने को जाए ठहराते हुए कहा, देखिए, संविधान की रक्षा की गई थी। अदालत के आदेश का पालन हुआ था।

उन्होंने भाजपा पर इस घटना को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा के लोग तो केवल झूठ बोलते हैं। बताइए अदालत के आदेश का पालन हुआ था या नहीं? संविधान की रक्षा हुई थी। वहां पर जब अदालत का स्थगन आदेश था, यथा स्थिति बनाए रखनी थी तो वहां पर जो विवादित ढांचा था, जो बाबरी मस्जिद थी, उसे जब इन लोगों ने तोड़ा था तो वहां के प्रशासन की जिम्मेदारी थी कि वह अदालत के आदेश के अनुरूप यथास्थिति बनाए रखे। यादव ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, उस वक्त संविधान का उल्लंघन किसने किया था? किसने अदालत के आदेश का उल्लंघन किया था? उनके खिलाफ तो कार्रवाई होनी चाहिए थी।

# ममता ने अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच संबंध काफी पुराना है। इस बार पुस्तक मेले का 'थीम देश' ब्रिटेन है।

बनर्जी ने कहा कि 1757 में प्लासी की लड़ाई के बाद से आजादी तक अंग्रेजों ने भारत पर शासन किया और इस दौरान उन्होंने कई वास्तुशिल्प इमारतों का निर्माण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, कई भारतीयों ने या तो ऑक्सफोर्ड,



कैम्ब्रिज या लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में पढ़ाई की है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में अब बहुत सारे भारतीय शिक्षाविद हैं और कई वहां की कंपनियों में काम कर रहे हैं।

बनर्जी ने कहा, उन्होंने भारत में बहुत सारी चीजें बनाईं। उनके वास्तुशिल्प मजबूत और टिकाऊ हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें ब्रिटेन के एक प्रमुख विश्वविद्यालय से निमंत्रण मिला है जहां इस साल जून के बाद उनके दौरे की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस साल के पुस्तक मेले में लगभग 20 देश भाग ले रहे हैं जो कोलकाता महानगर में एक बड़ा त्योहार बन गया है।

# विश्व कप टीम तय नहीं लेकिन आठ दस खिलाड़ी पता है जो उसमें होंगे : रोहित शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम अभी तक तय नहीं है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि उन्हें दस खिलाड़ी पता है जो उस टीम का हिस्सा होंगे। विश्व कप से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ शृंखला इस प्रारूप में भारत की आखिरी शृंखला थी। इसके जरिये रोहित और विराट कोहली 14 महीने बाद टी20 प्रारूप में लौटे हैं। शिवम दुबे जैसे युवा खिलाड़ी ने भी शानदार प्रदर्शन किया जिसके दम पर भारत ने शृंखला 3 . 0 से जीती।

जियो सिनेमा से बातचीत में रोहित ने कहा कि कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ी विश्व कप टीम में शायद जगह नहीं बना सकें लेकिन पेशेवर खेल में ऐसा होता है। उन्होंने कहा, जब हम वनडे विश्व कप खेल रहे



थे तब हमने टी20 में कई लड़कों को आजमाया। उन्होंने अच्छा भी खेला लेकिन टीम की घोषणा हुई तो कुछ बाहर रह गए। उनके लिए यह निराशाजनक था लेकिन हमारा काम टीम के सामने हर चीज स्पष्ट रखना है। उन्होंने कहा, 25 . 30 खिलाड़ियों के पूल में सभी को पता है कि उनसे क्या अपेक्षा है। हमने टी20 विश्व कप के लिए टीम तय नहीं की है लेकिन दिमाग में तो पता है कि आठ दस खिलाड़ी कौन होंगे जो चुने ही जाएंगे। अधिकांश मैच वेस्टइंडीज में होंगे जहां पिचें धीमी हैं।

रोहित ने कहा, वेस्टइंडीज में धीमी पिचें हैं तो उसके अनुसार टीम चुननी होगी। राहुल भाई और मैने टीम में स्पष्टता रखी है। कप्तानी से मैने सीखा है कि आप सभी को खुश नहीं रख सकते। आपको टीम की जरूरत पर फोकस करना होगा।

पहले दोनों मैचों में खाता भी नहीं खोल सके रोहित ने तीसरे मैच में रिकॉर्ड पांचवां टी20 शतक जमाया। उन्होंने कहा, में नेट पर काफी मेहनत कर रहा था। आपको गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए कुछ शॉट खेलने पड़ते हैं। गेंद जब स्पिन लेती है और आप सीधा नहीं खेल सकते तो कुछ नया करना पड़ता है। मैने रिवर्स स्वीप का काफी अभ्यास किया है और टेस्ट में भी यह शॉट लगाया है।

# भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक में कोई परेशानी और 'लॉजिस्टिकल' चुनौती नहीं मिलेगी : आईओए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने गुरुवार को बीते अनुभव से सीख लेने का दावा किया और कहा कि आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए कई व्यवस्थाएं की गई है ताकि उन्हें बड़े टूर्नामेंट के दौरान 'लॉजिस्टिक' चुनौतियों का सामना नहीं करना पड़े। इन उपायों में खिलाड़ियों विशेषकर गोल्फरों की रहने की व्यवस्था शामिल हैं जिन्हें प्रतिस्पर्धा स्थल के करीब ठहराया जाए।

इनमें खेल गांव में भारतीय खिलाड़ियों की जरूरत के हिसाब से 'रिहैब' उपकरण लगाना और पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए विशेषज्ञों को रखना भी शामिल है।

आईओए ने एक बयान में कहा, पिछले अनुभवों से सीखते हुए और खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आईओए रणनीतिक उपाय लागू कर रहा है ताकि सुनिश्चित हो सके कि खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। अभी तक 17 निशानेबाजों सहित 49 खिलाड़ियों और पुरुष हॉकी टीम ने जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। आगामी महीनों में यह संख्या बढ़ेगी और टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन के बाद उम्मीदें भी काफी ज्यादा होंगी।

## सुविचार

**ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हम ही हैं जो अपनी आँखों पर हाँथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार हैं।**


### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# पारदर्शिता को बढ़ावा

शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित नए दिशा-निर्देशों से कोचिंग संस्थानों में पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। देश में लंबी अवधि से ऐसे निर्देशों की जरूरत महसूस की जा रही थी। आज विद्यार्थियों पर पढ़ाई, नौकरी, बेहतर सामाजिक स्तर ... आदि का बहुत दबाव बढ़ गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं में इतनी प्रतिस्पर्धा हो गई है कि कोचिंग लेना जरूरत बन गया है। दो-तीन दशक पहले तक कोचिंग जाने का इतना चलन नहीं था। प्रायः प्रतिभाशाली विद्यार्थी खुद की पढ़ाई और विशेषज्ञों के नोट्स से ही बहुत अच्छे अंक ले आते थे। समय के साथ परीक्षाएं ज्यादा मुश्किल होती गईं। बेरोजगारों की बढ़ती तादाद के कारण एक-एक पद के लिए सैकड़ों अभ्यर्थियों के बीच कड़ा मुकाबला हो गया है। ऐसे में कोचिंग जाना या विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेना बहुत ज़रूरी हो जाता है। आज उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा हो या नौकरी का टेस्ट, सिर्फ अच्छी पढ़ाई करना काफी नहीं है। कम समय में अधिकाधिक प्रश्नों के सही उत्तर देना, ग़लतियों से बचना ... जैसी बातें सिर्फ किताबें पढ़कर समझ में नहीं आ सकतीं। इसके लिए ऐसे व्यक्ति से मार्गदर्शन लेना बेहतर होता है, जिसे परीक्षा प्रणाली का अनुभव हो। हाल के वर्षों में कुछ कोचिंग संस्थानों में अप्रिय घटनाएं हुई हैं। खासतौर से कोटा में मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों में आत्महत्या के मामलों ने देश को झकझोर दिया है। मंत्रालय ने अपने दिशा-निर्देशों में, आत्महत्या के बढ़ते मामलों, आग लगने की घटनाओं, संस्थानों में सुविधाओं की कमी, शिक्षण पद्धतियों से जुड़ीं शिकायतों की ओर भी ध्यान दिया है, जो प्रशंसनीय है। कोरोना काल में ऑनलाइन कोचिंग संस्थान खूब खुले और विद्यार्थियों ने उन्हें हाथोंहाथ भी लिया। परंपरागत कोचिंग हो या ऑनलाइन, प्रायः विज्ञापनों में बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। लोग उनकी जांच करने की जहमत नहीं उठाते, क्योंकि उनके पास ऐसा कोई तंत्र नहीं, जिससे वे दावों की हकीकत जान सकें।

बेशक कई कोचिंग संस्थान अपने विज्ञापनों में ऐसे दावे करते हैं, जो सच्चे होते हैं, लेकिन ऐसे दावों की भी भरमार है, जिनमें झूठ का घालमेल होता है। जब भी मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा या संघ / राज्य लोकसेवा आयोग की परीक्षाओं के परिणाम आते हैं तो किसी सफल अभ्यर्थी की तस्वीर एक से ज्यादा कोचिंग संस्थानों के विज्ञापनों में दिखाई देती है। उनमें उसकी सफलता का श्रेय लेने की होड़ होती है। सोशल मीडिया आने के बाद तो ग़ज़ब ही हो गया। एक अभ्यर्थी अपने अभ्यास के लिए अलग-अलग कोचिंग संस्थानों में इंटरव्यू देने चला जाता है। इस दौरान कोचिंग संस्थान हर अभ्यर्थी का वीडियो रिकॉर्ड कर लेते हैं। जब परीक्षा परिणाम आता है तो (सफल होने पर) उस अभ्यर्थी का वह वीडियो यह कहते हुए शेयर किया जाता है कि इसे तो हमने ही मार्गदर्शन दिया था, जबकि उस (अभ्यर्थी) ने अन्य कोचिंग संस्थानों में जाकर भी इंटरव्यू दिया था! अब सफलता का श्रेय किसे मिलना चाहिए? प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करवाने वाले कई कोचिंग संस्थान ऑनलाइन कक्षाएं भी चलाते हैं। कई बार ऐसा होता है कि एक अभ्यर्थी दो संस्थानों से पढ़ाई कर रहा है। जब उसका चयन हो जाता है तो दोनों संस्थान उसकी सफलता का श्रेय लेने की कोशिश करते हैं। इस स्थिति में बेहतर तो यह होगा कि पूरे मामले में पारदर्शिता बरती जाए। किसी अभ्यर्थी ने कब प्रवेश लिया, वह परंपरागत ढंग से पढ़ाई कर रहा था या ऑनलाइन क्लास ले रहा था, उसने इंटरव्यू के लिए शुल्क देकर तैयारी की थी या निःशुल्क अभ्यास के तहत आया था ... ऐसे तमाम पहलुओं से जुड़े सवालों का जवाब देना अनिवार्य होना चाहिए। बेशक शिक्षा मंत्रालय के नए दिशा-निर्देशों से इन सवालों के जवाब जानने में कुछ आसानी होगी। कोचिंग संस्थानों द्वारा अभ्यर्थी के प्रवेश के समय 'चयन या अच्छे अंकों की गारंटी' देना भी उचित नहीं है। पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी कोई भौतिक उत्पाद नहीं हैं कि उनकी गारंटी दी जाए। परीक्षा में सफलता बेहतर शिक्षण, अध्ययन, अभ्यास के साथ ही परीक्षा कक्ष में प्रदर्शन पर निर्भर करती है। बहुत बार ऐसा होता है कि अत्यंत प्रतिभाशाली विद्यार्थी भी परीक्षा में मनोनुकूल प्रदर्शन नहीं कर पाते या उनका चयन नहीं होता। यह भी एक कड़वी हकीकत है कि किसी परीक्षा में बैठने वाले सभी अभ्यर्थियों को शानदार अंक नहीं मिलते और न ही सबका चयन हो सकता है। इसलिए सफलता की गारंटी का दावा तो यहीं ग़लत साबित हो गया। शिक्षा मंत्रालय के नए दिशा-निर्देशों से अभ्यर्थी अपने हितों की रक्षा करने में अधिक सक्षम होंगे।

## ट्वीटर टॉक



विकसित भारत संकल्प यात्रा में चलने वाला विकास रथ, विश्वास रथ में बदल चुका है, अब उसको लोग गारंटी वाला रथ भी कह रहे हैं। ये विश्वास है कि कोई भी वंचित नहीं रहेगा, कोई भी योजनाओं के लाभ से छूटेगा नहीं।

**-नरेन्द्र मोदी**



आज पीसीसी वॉर रूम में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजस्थान कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती रजनी पाटिल , प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा , नेता प्रतिपक्ष िकाराम जूली एवं प्रदेश चुनाव समिति के सदस्यों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

**-सचिन पायलट**



देश के प्रत्येक व्यक्ति को पानी, बिजली, चिकित्सा, रोजगार, पक्का घर जैसी मूलभूत सुविधाएं मिले। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा इस उद्देश्य को लेकर प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने उद्देश्य में सफलता के साथ चल रही है।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# समता की बड़ी सोच

स्वामी विवेकानंद अमेरिका में जाने-माने व्यक्ति बन गए थे। एक बार रेलवे स्टेशन पर जब वे गाड़ी से उतर रहे थे, उनका भव्य स्वागत किया जा रहा था, तभी वहां एक नीग्रो कुली ने आगे बढ़कर उनसे हाथ मिलाते हुए कहा, 'बधाई! मुझे खुशी है कि मेरी जाति के एक व्यक्ति ने इतना बड़ा सम्मान प्राप्त किया है। इस देश के पूरे नीग्रो समुदाय को आप पर गर्व है।' स्वामीजी ने कुली से स्नेहपूर्वक हाथ मिलाया और नम्रता से कहा, 'धन्यवाद! भाई धन्यवाद!' उन्होंने यह कहने से इनकार कर दिया कि वे नीग्रो नहीं हैं। वास्तव में इतनी प्रसिद्धि होने के पश्चात भी स्वामीजी का अपमान व तिरस्कार किया गया और अमेरिका के दक्षिणी राज्यों में नीग्रो समझकर कई होटलों में उन्हें जाने नहीं दिया गया। लेकिन उन्होंने कभी इसका विरोध नहीं किया और न ही यह कहा कि मैं नीग्रो नहीं हूं। मैं तो भारतीय हूं। एक पश्चिमी शिष्य ने एक बार उनसे कहा कि ऐसी स्थितियों में वे उनको क्यों नहीं बताते कि मैं भारत का हूं। स्वामीजी ने उत्तर दिया, 'दूसरों को नीचा दिखाकर मैं ऊपर उठूं! मैं इस पृथ्वी पर इसलिए नहीं आया हूं।'

## सामयिक

# गरीबी के अभिशाप से मुक्ति की ओर अग्रसर भारत

**ललित गर्ग**
**मोबाइल : 9811051133**

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीब एवं गरीबीमुक्त भारत के संकल्प की ओर सफलतापूर्वक आगे बढ़ना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार की बड़ी उपलब्धि एवं ऐतिहासिक सफलता है। नीति आयोग के अनुसार जीवन स्तर सुधार, शिक्षा व चिकित्सा की उपलब्धता के आधार पर देश में कुल 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। विगत नौ वर्ष में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है।



आजादी के 75 साल बाद भी भारत के सामने जो सबसे बड़ी चुनौतियां खड़ी रही है, इनमें गरीबी सबसे प्रमुख है। यही कारण है कि वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। गरीबी के अभिशाप से देश की एक बड़ी आबादी को निकालने के लिए मोदी सरकार के प्रयत्न निश्चित ही सराहनीय है। नीति आयोग के मुताबिक देश में वर्ष 2013-14 में बहुआयामी गरीबी 29.17 फीसदी थी जो वर्ष 2022-23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई है। बहुआयामी गरीबी के आंकड़े जुटाते समय पोषण, बाल व किशोर मृत्यु दर, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास और संपत्ति के साथ-साथ बैंक खातों के मापदंडों को भी ध्यान में रखा जाता है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार भी गरीबी से बाहर आने की स्थितियों के मूल्यांकन का आधार है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले सालों में इन तीनों ही मोर्चों पर देश में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए समानता, संतुलन एवं गरीबी उन्मूलन का काफी काम हुआ है। इसी का नतीजा है कि नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट में हर्ष एवं उल्लास की यह खबर दी गई है कि बीते नौ साल के दौरान करीब पच्चीस करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। देश की विशाल आबादी के इस बड़े हिस्से से जुड़ा यह आंकड़ा इसलिए भी राहत देने वाला कहा जा सकता है कि कभी बीमारू' राज्य कहे जाने वाले बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश सरीखे राज्यों में गरीबी में सबसे ज्यादा कमी आई है।

**श्रीराम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही गरीबी के आंकड़ों में गिरावट से दुनिया हैरान हो रही और यह अमृत काल की अमृत उपलब्धि है। फिर भी कल्याणकारी योजनाओं व आर्थिक संबल के अलावा भी देश को स्वावलम्बी बनाने, महंगाई व बेरोजगारी की चुनौतियों के दक्षतापूर्ण एवं कुशल प्रबंधन की जरूरत है।**

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये गरीबी से बाहर आना एवं गरीबी के कलंक को धोना जरूरी है। यह माना भी जाता है कि किसी भी देश का आर्थिक विकास लोगों में समृद्धि लाने वाला होता है। लेकिन, यही समृद्धि जब आर्थिक असमानता का प्रतीक बन जाए तो चिंता का सबब एवं त्रासदी बन जाती है। चिंता इस बात की भी रही है कि आजादी के प्रारंभिक पचास वर्षों की सरकारों के सामने गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य कोरा भाषणों, नारों एवं दिखावे का रहा, यही कारण है कि उस दौर में विकास के जरिए होने वाली आर्थिक समृद्धि का फायदा भी गिने-चुने हाथों में पहुंचता रहा है। गरीब और गरीब एवं अमीर और अमीर होते हुए देखे गये। इस तरह की राजनीतिक प्रेरित योजनाएं गरीबी उन्मूलन के प्रयासों में सबसे ज्यादा बाधक बनी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार देश में आतंकवादी वारदातें कम होने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने के साथ उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च किया है और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। इन सुखद आंकडों के साथ देशवासियों कोइस बात का अहसास कराया जा रहा है कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है।निश्चित ही गरीबी के अभिशाप को पूरी तरह समाप्त करने के लिये परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने की जरूरत है क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं, इनसे गरीब को समाप्त हो जाते हैं लेकिन गरीबी नहीं। वित्त वर्ष 2015-16 से लेकर 2019-21 के मोदी सरकार के 5 वर्षों के दौरान ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा गरीबों की संख्या में कमी आई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 32.59 फीसदी से घटकर 19.28 फीसदी रह गई है। इसी अवधि के दौरान शहरी इलाकों में गरीबी 8.65 फीसदी से 5.27 फीसदी रह गई है। नीति आयोग के ताजे आंकड़ों के अनुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनधन योजना और समग्र शिक्षा के चलते भी देश में गरीबी कम हुई है और लोगों का जीवन बदला है। इसके बावजूद अभी भी देश में एक बड़ा तबका है, जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव वाला जीवन जीने को मजबूर है। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही गरीबीमुक्त संतुलित समाज संरचना की जा सकती है।

सतत गरीबी उन्मूलन के लिये व्यापक कार्य किया जाना अपेक्षित है। नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास यानी गरीबी उन्मूलन के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है।

इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। लेकिन मोदी सरकार अर्थ की दौड में दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक ताकत बनने के साथ गरीबी को दूर करने के लिये भी ठोस काम कर रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी आर्थिक असंतुलन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में भारत के सार्थक प्रयास से सुरक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खाद्यान्न सहित कई क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत विश्व में आर्थिक रूप से संपन्न 5 देशों में शामिल हो चुका है।

श्रीराम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही गरीबी के आंकड़ों में गिरावट से दुनिया हैरान हो रही और यह अमृत काल की अमृत उपलब्धि है। फिर भी कल्याणकारी योजनाओं व आर्थिक संबल के अलावा भी देश को स्वावलम्बी बनाने, महंगाई व बेरोजगारी की चुनौतियों के दक्षतापूर्ण एवं कुशल प्रबंधन की जरूरत है। आर्थिक विकास का लाभ समाज के वंचित और शोषित वर्ग तक सुलभ होता रहे, यह अपेक्षित है। इसके लिये मोदी सरकार बिना शोर-शराबे के गरीबी उन्मूलन के मिशन पर लगी है, जिसके आश्चर्यकारी एवं सुखद परिणामों से देशवासी ही नहीं, दुनिया भी स्तंभित होती रहेगी।

## नजरिया

# इंडोनेशिया एक ऐसा मुस्लिम देश जहां रोजाना होता है रामायण का मंचन

**नंदकिशोर अग्रवाल**
**मोबाइल : 9945395760**

कहा जाता है कि जीवन के कुछ क्षण ईश्वरीय आशीर्वाद से ही यथार्थ में बदलते हैं। आज हम सभी भारतीयों और दुनिया भर में फैले राम भक्तों के लिए ऐसा ही पवित्र अवसर है। हर तरफ प्रभु श्री राम की भक्ति का अद्भुत वातावरण है। चारों दिशाओं में राम नाम की धूम है। हर किसी को 22 जनवरी को ऐतिहासिक पवित्र पल का इंतजार है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम केवल हिंदुओं का ही नहीं बल्कि राष्ट्र का उत्सव है। साथ ही देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का महा-अनुष्ठान है। लेकिन, आज देश का एक वर्ग श्रीराम को ही एक मिथक साबित करने में व्यस्त रहा, वहीं अपनी नकारात्मकता और कुंठा से ग्रसित कुछ लोग इसके विरोध में भी हैं।




इंडोनेशिया विश्व का एक ऐसा मुस्लिम देश है, जहां हर वर्ग और जाति के लोग आपस में मिलकर सभी धर्मों का आदर-सम्मान करते हैं। विशेषकर हिंदू धर्म का। यहां अधिकांश जगह रचे-बसे हैं राम। इंडोनेशियाई हिंदू बाली व्दीप में रहते हैं जहां उनकी संख्या करीब 837 है। इंडोनेशिया में राम और राम के प्रतीक बहुत प्रमुख हैं और यहां के लोग रामायण की कहानी को अपनी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा मानते हैं। काकवीन रामायण की बात करें तो वहां की सीता तो सुंदर हैं, लेकिन वह साहसी और शक्तिशाली भी हैं, जबकि तुलसीदास की सीता को सुंदर, सहनशील और रूपवती दिखाया गया है। इसके अलावा, राम के चरित्र का इंडोनेशिया में रामलीला, लोकनृत्य, और कठपुतली नृत्य द्वारा दैनिक रूप से मंचन किया जाता है।

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि इंडोनेशिया एक ऐसा अकेला देश है जहां सबसे ज्यादा श्रीराम और रामायण पर सबसे ज़्यादा डाक टिकटें जारी हुई हैं। इस संदर्भ में भारत काफी पीछे है।

## चिंतन

# निरंतर परिश्रम, संयम और महत्वाकांक्षा सफल व्यक्ति के सच्चे मित्र

**संजीव ठाकुर**
**मोबाइल : 9009 415 415**

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं। जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नावप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 37 नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है, जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है।



स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है।

इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड्र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

विमोचन



हैदराबाद में गुरुवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री, ज्योतिरादित्य एम सिंधिया, नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री, जनरल वीके सिंह और अन्य ने बैगमपेट एयर पोर्ट पर विंग्स इंडिया 2024 के उद्घाटन के दौरान उड़ान 5.3 योजना का विमोचन करते हुए।

# नेपाल में हिंदू समुदाय कर रहा अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बेसब्री से इंतजार

## करीब तीन सप्ताह पहले जनकपुर से करीब 3000 भार जिनमें विभिन्न उपहार शामिल थे, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या भेजे गए।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

काठमांडू/भाषा। नेपाल में हिंदू समुदाय अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उत्साहपूर्वक इंतजार कर रहा है। नेपाल के हिंदू विशेष तौर पर मधेश प्रांतवासी इस अवसर को बड़ी धूमधाम से मनाने की योजना बना रहे हैं।

जनकपुर स्थित जानकी मंदिर कई सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा है। जनकपुर को भगवान राम की पत्नी जानकी (सीता) जी का जन्मस्थान माना जाता है।

भगवान राम की पत्नी सीता का दूसरा नाम जानकी है जो जनकपुर के राजा जनक की पुत्री थी। जनकपुर नेपाल की राजधानी से 220 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व में है। यह भारत के अयोध्या से लगभग 500 किमी पूर्व में है और दोनों देशों के प्राचीन रिश्तों का प्रतीक रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस अवसर पर पूरे जनकपुर उपमहानगर में सफाई अभियान शुरू किया गया है।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, जनकपुर के घरों और सड़कों को रंग-बिरंगी रोशनी, कागजों के झंडे, बैनर और मालाओं से सजाया जा रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि इस अवसर पर गंगा आरती, रामकथा के साथ-साथ धार्मिक जुलूस निकालने की भी योजना बनाई गई है।

मधेश प्रांत में होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल (एचएएन) के अध्यक्ष विजय झुनझुनवाला ने कहा, यह बहुत गर्व और खुशी का क्षण है। हम सभी उत्साहपूर्वक इस आयोजन का इंतजार कर रहे हैं।

झुनझुनवाला ने बताया कि करीब तीन सप्ताह पहले जनकपुर से करीब 3000 भार जिनमें विभिन्न उपहार शामिल थे, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या भेजे गए। उन्होंने कहा कि रामभक्तों का 21 लोगों का एक समूह प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या भी जाएगा।

इसी तरह काठमांडू के दक्षिण-पूर्व में 300 किलोमीटर दूर विराटनगर में भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन जुलूस निकालने, दीये जलाने, प्रसाद वितरण करने और मोटरसाइकिल रैली निकालने की तैयारी की जा रही है।

न्याय यात्रा




कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को नागालैंड के मोकोकचुंग जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में समर्थकों के साथ।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सजी अयोध्या, धनुष-बाण की कलाकृतियों से पटी शहर की सड़कें

अयोध्या/भाषा। उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से ठीक पहले यह नगरी पूरी तरह सज-धजकर तैयार हो चुकी है और यहां भगवान राम तथा उनके धनुष एवं बाणों को चित्रित करने वाली कलाकृतियों से सुसज्जित फ्लाईओवर पर लगी स्ट्रीटलाइट और पारंपरिक 'रामानंदी तिलक' विषय पर आधारित डिजाइन वाले सजावटी लैंपपोस्ट चहुंओर छटा बिखेर रहे हैं।

राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समोरोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहेंगी। इस महासमारोह में महज चार दिन शेष हैं और अयोध्या की ओर जाने वाली सभी सड़कें धार्मिक भावनाओं में रंग गई हैं।

लखनऊ से अयोध्या जाने वाले राजमार्ग पर जब आप यात्रा करेंगे, तो जगह-जगह राम मंदिर के विशाल पोस्टर लगे हुए पाएंगे। इन पोस्टर पर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तिथि के साथ-साथ 'शुभ घड़ी आई, विराजे रघुराई' जैसे नारे छपे हुए हैं और इस तरह के पोस्टर से अयोध्या की सड़कें भी अटी पड़ी हैं।

राजमार्ग पर पड़ने वाले ज्यादातर होटल और ढाबों पर अयोध्या आने वाले भक्तों का स्वागत करते हुए बैनर लगे हुए दिखाई दिए, जिनपर भगवान राम की तस्वीर मौजूद थी। इनके अलावा भगवान राम की तस्वीर वाले भगवा झंडों के साथ नए मंदिर की तस्वीरें भी लगी हुई हैं।

फैजाबाद शहर से अयोध्या में प्रवेश करने पर आपको अपने आस-पास की फिजा में आध्यात्मिक अनुभूति का अहसास होता है। अयोध्या में भगवान राम तथा उनके धनुष एवं बाणों को चित्रित करने वाली कलाकृतियों से सुसज्जित फ्लाईओवर पर लगी स्ट्रीटलाइट और पारंपरिक 'रामानंदी तिलक' विषय पर आधारित डिजाइन वाले सजावटी लैंपपोस्ट चहुंओर छटा बिखेर रहे हैं। 'रामानंदी तिलक' माथे पर दो खड़ी सफेद रेखाओं के बीच केंद्र में एक लाल पट्टी बनाकर तैयार किया जाता है और भगवान राम के भक्त आमतौर पर इस प्रकार का तिलक लगाना पसंद करते हैं।

# जयशंकर युगांडा में गुट निरपेक्ष आंदोलन के शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

नई दिल्ली/भाषा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर शुक्रवार से युगांडा की राजधानी कंपाला में होने वाले गुट निरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने जयशंकर की युगांडा और नाइजीरिया- दोनों देशों की यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि भारत इस समूह के अग्रणी और संस्थापक सदस्यों में से एक के रूप में गुट निरपेक्ष आंदोलन के सिद्धांतों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्रालय ने कहा कि युगांडा के नेतृत्व में यह सम्मेलन 120 से अधिक विकासशील देशों को महत्वपूर्ण ऐतिहासिक महत्व वाले मंच पर एक साथ लाता है।

विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन 21 और 22 जनवरी को कंपाला में होने वाले 'जी-77 तीसरे दक्षिण शिखर सम्मेलन' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर 19 से 20 जनवरी को कंपाला में होने वाले गुट निरपेक्ष आंदोलन के 19वें शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

शिखर सम्मेलन का विषय ''साझा वैश्विक समृद्धि के लिए गहन सहयोग'' है और इसमें पहले मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर विचार-विमर्श होगा।

विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह गुट निरपेक्ष आंदोलन में विदेश मंत्रियों की बैठक में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत गुट निरपेक्ष आंदोलन के लिए युगांडा के विषय का तहे दिल से समर्थन करता है और युगांडा के नेतृत्व में इससे जुड़ने के लिए उत्सुक है। भारत इसके अग्रणी और संस्थापक सदस्यों में से एक के रूप में आंदोलन के सिद्धांतों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है।

इस शिखर सम्मेलन से इतर जयशंकर के युगांडा के नेतृत्व और एनएएम के सदस्य देशों के समकक्षों से मिलने की संभावना है। विदेश मंत्री कंपाला से 21 जनवरी को नाइजीरिया की तीन-दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे।

# सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा 'मेहंदी वाला घर' का प्रीमियर

मुंबई/वार्ता

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर नये शो 'मेहंदी वाला घर' का प्रीमियर 23 जनवरी को होगा। 'मेहंदी वाला घर' उज्जैन में रहने वाले अग्रवाल परिवार की कहानी है। इस शो में शहजाद शेख, विभा छिब्बर, कंवरजीत पेंटल, करण मेहरा, श्रुति आनंद,रवि गोसाईं, रुशद राणा, अर्पित कपूर, आस्था चौधरी, गुन कंसारा, उष्मा राठौड़, खालिदा जान और रीमा वोहरा जैसे कलाकार है।विभा छिब्बर ने बताया,जानकी सशक्त किरदार है, वो परिवार को एक साथ रखती है।मुझे जानकी जैसे किरदार निभाने में मजा आता है। आपको भारत के कई घरों में उनके जैसी महिलाएं मिल जाएंगी जो अपने परिवार की रीढ़ हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक 'मेहंदी वाला घर' को उसी प्यार और गर्मजोशी से अपनाएंगे जिसके साथ इसे बनाया गया है, जिससे यह सभी के लिए एक यादगार अनुभव बन जाएगा।

करण मेहरा ने कहा,परिवार एक पेड़ की शाखाओं की तरह हैं, हम अलग-अलग दिशाओं में बढ़ते हैं, फिर भी हमारी जड़ें एक रहती हैं। यह मेहंदी वाला घर का सार है, जो वास्तव में मुझे पसंद आया और मेरे लिए इस शो के लिए हां कहने का सबसे बड़ा कारण बन गया। मनोज अग्रवाल का किरदार निभाना एक बेहद फायदेमंद अनुभव रहा है, जिससे मुझे इंसानी रिश्तों की उलझनों और परिवारों को एक साथ बांधने वाले मूल्यों का पता लगाने का मौका मिला है। शो की कहानी परंपरा, प्रेम और घर के सार का एक सुंदर मिश्रण है, जो इसे सभी उम्र के दर्शकों के लिए एक आकर्षक घड़ी बनाती है।

दौरा




नई दिल्ली में रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने दिल्ली कैंट में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा करते हुए।



# फिल्म 'जियो मेरी जान' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म 'जियो मेरी जान' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जे पी स्टार पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म जियो मेरी जान के फर्स्ट लुक में दिखाई देता है कि पवन सिंह की शर्ट बुरी तरह फटी हुई है। उनके हाथ में एक चप्पल है और चेहरे पर चोट के निशान हैं।जियो मेरी जान के निर्माता उमा शंकर प्रसाद और सह निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं, जबकि फिल्म के निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के पोस्टर में पवन सिंह का नया अंदाज दुनिया के सामने है। लेकिन फिल्म में पवन सिंह का जलवा दर्शकों को खूब देखने को मिलेगा। फिल्म के डायलॉग एक से बढ़कर एक हैं, जो पवन सिंह के स्टारडम को खूब सूट भी करती है। इसके अलावा पवन सिंह की अदाकारी का जवाब नहीं, जब लोग यह फिल्म देखेंगे, तब उन्हें अंदाजा लग जायेगा कि पवन सिंह की फिल्म ब्लॉक बस्टर क्यों हो जाती है। फिल्म में गीत संगीत भी मजबूत पक्ष है।

फिल्म जियो मेरी जान की कहानी राकेश त्रिपाठी ने लिखी है। संगीतकार रजनीश मिश्रा, प्रियांशु सिंह, छोटू रावत हैं, जबकि गीतकार विनय बिहारी, आशुतोष तिवारी, अरुण बिहारी हैं। फिल्म के कोरियोग्राफर रिक्की गुप्ता एमके गुप्ता (जॉय), सोनू सिंह हैं। एक्शन दिलीप यादव एवं रौशन का है और कला निर्देशक संजय कुमार हैं।फिल्म में पवन सिंह, रूपाली जाधव और सपना चौहान के साथ विनीत विशाल, साहिल सिद्दीकी, अयान सिंह, दिवंगत - ब्रजेश त्रिपाठी, जफर खान, संजीव मिश्रा, धामा वर्मा, रवि तिवारी, सुजीत भट्ट मुख्य भूमिका में हैं।

# रवि किशन का म्यूज़िक वीडियो 'अयोध्या के श्री राम' रिलीज

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार और सांसद रवि किशन का म्यूज़िक वीडियो 'अयोध्या के श्री राम' रिलीज हो गया है। गोरखपुर के सांसद सह अभिनेता रवि किशन ने प्रभु श्री राम को समर्पित गीत 'अयोध्या के श्री राम' को रिलीज कर दिया है, जिसमें वह प्रभु श्री राम की भक्ति में झूम कर नाचते नजर आये।

इस म्यूज़िक वीडियो को म्यूजिक बॉक्स के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।रवि किशन ने कहा कि मैं आभारी हूं कि मुझ जैसे राम भक्त को इस म्यूज़िक वीडियो के ज़रिए एक बार फिर से अपनी राम भक्ति जताने का सुअवसर प्राप्त हुआ और जन-जन तक पहुंचने का मौका मिला। हमारी ओर से यह सभी राम भक्तों के लिए एक छोटी सी सौगात है, जो यकीनन हरेक राम के भक्त को ख़ूब पसंद आएगी।हर राम भक्त का सपना रहा है कि अयोध्या में जल्द से जल्द राम मंदिर का निर्माण हो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के प्रयासों से यह संभव हो सका है। इस महान उपलब्धि के बीच आज हमने जो म्यूज़िक वीडियो जारी किया है।



महक चौधरी ने 'अयोध्या के श्री राम' को लॉन्च के अवसर पर कहा कि राम भक्ति से सराबोर यह गीत बहुत ही सुरीला और सुंदर है, जिस भक्ति भाव से इसे शूट किया गया है। वह भी देखने लायक है। मैं इस म्यूज़िक वीडियो में काम करने के लिए रवि किशन का तहे-दिल से शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। माधव एस. राजपूत ने जिस अंदाज़ में इसे गाया, कम्पोज़ और निर्देशित किया है, उसकी भी जितनी प्रशंसा की जाए कम ही होगी।

उन्होंने बताया कि निरंजन कुमार सिन्हा की बतौर निर्माता यह पहली पेशकश है। इस गाने के गायक, संगीतकार और निर्देशक माधव एस. राजपूत हैं। गीतकार मीनाक्षी, डीओपी शकील रेहान ख़ान, कोरियोग्राफ़र रिक्की गुप्ता है।

# बचपन की यादों में भटकना पसंद है : अविनाश अरूण

नई दिल्ली/भाषा

'थ्री आफ अस' फिल्म अपने विशेष कथानक और प्रस्तुतिकरण को लेकर इन दिनों सिनेमा प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है और फिल्म के निर्देशक अविनाश अरुण इसका श्रेय अपनी बचपन की स्मृतियों, संबंधों की सौंधी खुशबू और यादों को देते हैं। 'थ्री आफ अस' में बचपन और एक-दूसरे से जुड़ाव को बहुत ही खूबसूरती के साथ चित्रित किया गया है। फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी कहती है जो धीरे धीरे स्मृतिलोप की शिकार हो रही है। अविनाश अरुण पांच सालों तक इस कहानी को अपने दिलो-दिमाग में बुनते रहे थे। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, इन वर्षों में मैं एक ऐसे इंसान को केंद्र में रखकर कहानी कहना चाहता था जिसकी स्मृतियां धीरे-धीरे उसका साथ छोड़ रही हैं। अपने बचपन को मैं बहुत शिद्दत से याद करता हूं, आज भी उन गलियों, गांव और शहर में घूमता रहता हूं। मैं अपने बचपन के दोस्तों और उनकी जिंदगियों की कहानियों में खोया रहता हूं।

सिनेमेटोग्राफर - निर्देशक अविनाश एफटीआईआई से स्नातक हैं और हालिया समय में उन्हें सिनेमा की उभरती रोचक प्रतिभाओं में शामिल किया जा रहा है। उनकी फिल्मों में बचपन बार-बार लौट कर आता रहता है। चाहे फिर उनकी ''स्कूल आफ लाइज'' हो या मराठी फिल्म 'किल्ला'। एक समय वो भी था जब अविनाश अरुण को 'थ्री आफ अस' के लिए सभी बड़े ओटीटी प्लेटफार्म ने खाली हाथ लौटा दिया था। शुरुआत में इस फिल्म को बिना किसी प्रमोशन के सिनमाघरों में रिलीज किया गया था। उन्होंने बताया, सभी प्रमुख ओटीटी प्लेटफार्म ने फिल्म को खारिज कर दिया। मैं बहुत दुखी था। लेकिन जानता था कि ओटीटी पर यह फिल्म अच्छा करेगी। फिल्म में शेफाली शाह, जयदीप अहलावत और स्वानंद किरकिरे ने प्रमुख भूमिकाएं अदा की हैं। अविनाश कहते हैं, मेरे लिए, किसी भी अहसास को महसूस करना ही प्यार है। यहां तक कि निराशा, ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा या अतल गहराइयों में मुंह छुपाए बैठे अहसास भी प्रेम की अभिव्यक्ति हैं। 'थ्री आफ अस' के कथानक पर उनका कहना था, जब हम जीवन में एक पड़ाव पर पहुंच जाते हैं तो पीछे मुड़कर देखते हैं और उस समय ये सवाल उठते हैं, मैं कहां हूं? क्या मैं वहां पहुंचा हूं, जिसके बारे में सोच कर जिंदगी के सफर पर निकला था? इन्हीं सवालों के जवाब तलाशने शैलजा (शेफाली शाह) अपने पति दीपांकर( स्वानंद किरकिरे) के साथ वेंगुर्ला जाती है जहां वह अपने बचपन के दोस्त प्रदीप(जयदीप अहलावत) से मिलती है।

पुरस्कार




हैदराबाद में गुरुवार को हैदराबाद में सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं के लिए व्यावसायिक सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार (2023-24) में विजेता महिलाओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए।

# सोनू सूद को मिला खुद का फर्जी वीडियो

मुंबई/एजेन्सी

मुंबई। 'दबंग', 'हैप्पी न्यू ईयर', 'अगाडु' और अन्य फिल्मों के लिए जाने जाने वाले अभिनेता सोनू सूद को हाल ही में सोशल मीडिया पर उनके एक फॉलोअर ने उनका ही एक डीप फेक वीडियो भेजा है।

अभिनेता ने एक्स पर स्पष्ट किया कि वीडियो में दिखाया गया व्यक्ति सूद नहीं हैं। उन्होंने इस पोस्ट के साथ डीप फेक वीडियो भी साझा किया। इस वीडियो में (नकली) सूद ने इलाज के लिए पैसे की आवश्यकता वाले एक परिवार से बातचीत की और उन्हें वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा: मेरी फिल्म फतेह डीप फेक और फर्जी लोन ऐप्स से जुड़ी वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

स्थानीय बन्नरघट्टा रोड पर श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित खाटू श्याम मंदिर में गुरुवार को मंदिर प्रतिष्ठा के 11वें वार्षिकोत्सव पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। वर्षगांठ की सुबह 9 बजे चंद्रप्रकाश रामसिसरिया गौशाला में निशानों की पूजा हुई एवं श्रद्धालुओं ने विशाल निशान यात्रा व शोभायात्रा के साथ रवाना होकर श्याम मंदिर पहुँच कर बाबा को निशान अर्पित करें।








# ‘जब से देखा तुझे, जाने क्या हो गया, खाटू वाले श्याम मैं तेरा हो गया’



- बेंगलूरु श्याम मंदिर की 11वीं वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़
- निशान यात्रा में लहराए बाबा श्याम के ध्वज व भजन संध्या में बही श्याम रसधार
- मंदिर की सजावट देखकर श्यामभक्त हुए अभिभूत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय बन्नरघट्टा रोड पर श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित खाटू श्याम मंदिर में गुरुवार को मंदिर प्रतिष्ठा के 11वें वार्षिकोत्सव पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। वर्षगांठ की सुबह 9 बजे चंद्रप्रकाश रामसिसरिया गौशाला में निशानों की पूजा हुई एवं श्रद्धालुओं ने विशाल निशान यात्रा व शोभायात्रा के साथ रवाना होकर श्याम मंदिर पहुँच कर बाबा को निशान अर्पित किए। मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य निशान यात्रा में सबसे आगे भगवान हनुमान व श्याम के निशान लेकर चल रहे थे। उनके पीछे बेंगलूरु व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर व मुख से श्याम बाबा का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। निशान यात्रा में 101 चांदी के निशान अर्पित किए गए साथ ही 651 अन्य निशान चढ़ाए गए। मंदिर पहुंचकर सबसे पहले संस्थापक सदस्यों ने बाबा को निशान अर्पण किए तत्पश्चात अन्य श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर निशान चढ़ाए।

दोपहर 3.15 बजे से मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें सबसे पहले स्थानीय भजन गायक श्यामसुन्दर बगड़िया, माणक शर्मा, अशोक मोहता व रामसुन्दर बगड़िया आदि ने बाबा श्याम के मीठे मीठे भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद मुम्बई से आए भजन गायक राजू खंडेलवाल ने‘ जिसके घर में बाबा श्याम की ज्योत जलती है, वो घर स्वर्ग सा होता है’ और जब से देखा तुझे, जाने क्या हो गया, खाटू वाले श्याम मैं तेरा हो गया’ गाया तो उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर नाचने झूमने लगे। इसके बाद गायक राजू ने ‘ गोविन्द मेरा है, गोपाल मेरा है, मुरली वाला दीन का दयाल मेरा है’ व तेरी शरण में आया मैं बाबा, मेरी लॉज रखना’ आदि अनेक मधुर भजन प्रस्तुत किए तथा बाबा को रिझाया। राजू खंडेलवाल के बाद जब अहमदाबाद से आए भजन गायक नंदू शर्मा ‘नंदूजी’ आए तो पूरा सभागार ‘ जय श्रीश्याम ’ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। नंदूजी ने अपनी चिर परिचित अंदाज में बाबा श्याम के अनेक भजन ’ कीर्तन की है रात, बाबा आज थाने आनो है, ’मोहे राम से मिला दे, मेरे वीर हनुमाना मोहे श्याम से मिला दे’, एक बार तो कन्हैया हम जैसों से भी मिलो ’ सुनाए तो लोगों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ गया और पूरे श्याम मंदिर श्याममय हो गया। मंदिर के संस्थापक सदस्यों ने नंदूजी का सम्मान किया।

इस वार्षिकोत्सव के मौके पर इस वर्ष पूरे मंदिर परिसर को फूल पत्तों व रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया जो कि मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना रहा। मंदिर में नारियल के पत्तों से विशेष आकृति बनाकर मुख्य मंदिर की सजावट की तथा बाबा श्याम की प्रतिमा का ताजे फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया तो देखने वाले सभी बाबा की छबि देखकर अभिभूत हो गए। इस मौके पर 101 सवामणि प्रसाद व छप्पन भोग अर्पण किए गए।

# डीडवानिया परिवार ने खंडेलवाल ब्राह्मण समाज को उपहार में दिया भूखंड

- महासभा संरक्षक श्रीकांत पाराशर को भूखंडदाता ने पत्र सौंपकर जल्द ट्रस्ट बनाकर शीघ्र रजिस्ट्री करवाने का किया आग्रह
- ट्रस्ट में सहयोग के लिए खांडल विप्र शाखासभा बेंगलूरु के 11 सदस्यों ने तुरंत दो दो लाख के सहयोग का आश्वासन दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतवर्षीय खांडल विप्र महासभा की बेंगलूरु शाखासभा के अध्यक्ष कमलेश डीडवानिया ने हाल ही में खांडल विप्र बंधुओं की एक अनौपचारिक बैठक में कहा कि उनके परिवार की काफी समय से इच्छा है कि बेंगलूरु के विप्र परिवारों के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक गतिविधियों के उपयोग के लिए एक भूखंड उपलब्ध करवाया जाए। कमलेश ने अपने पिता रामगोपाल डीडवानिया तथा अपने दोनों भाइयों मुकेश और राजीव से पहले ही बातचीत करके यह प्रस्ताव रखा। इसके पूर्व उन्होंने महासभा के संरक्षक श्रीकांत पाराशर के समक्ष यह प्रस्ताव रखा तो उन्होंने बताया कि समाज के बंधुओं के समक्ष बात रखना उपयुक्त रहेगा। हाल ही में समाज के कुछ बंधु एक अन्य कार्य से अनौपचारिक रूप से मिले तो वहीं यह बात रखी गई। इससे उपस्थितजन ने प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं चर्चा में सुझाव आया कि एक ट्रस्ट बनाकर इस पर आगे बढा जाए। तत्काल ही 11 लोगों ने प्रारंभिक रूप से दो दो लाख रु. का सहयोग देने की इच्छा व्यक्त की। इस संबंध में अन्य सदस्यों से भी संपर्क साधकर चर्चा की जाएगी और विधिवत रूप से आगे बढा जाएगा।

इस बीच कमलेश डीडवानिया ने अपने परिवार की ओर से भूखंड उपहार में देने संबंधी एक पत्र, जिसमें उनके पिताश्री रामगोपाल डीडवानिया सहित दोनों अनुज के हस्ताक्षर कर पत्र श्रीकांत पाराशर को भेज दिया ताकि आगे की कार्यवाही में अनावश्यक विलंब न हो। लगभग 1300 वर्ग फीट का यह भूखंड बेंगलूरु पूना हाइवे पर अलूर विलेज में स्थित है। हाइवे पर स्थित मैट्रो स्टेशन भी इस भूखंड से अधिक दूर नहीं है। डीडवानिया परिवार ने यह भी कहा है कि उन्होंने भूखंड का प्रस्ताव तो दिया ही है, इसके अलावा जो भी सहयोग भविष्य में भी संभव होगा, खुशी खुशी करेंगे। डीडवानिया परिवार की इस घोषणा से खांडल विप्र परिवारों में प्रसन्नता का माहौल है। इस बैठक में श्रीकांत पाराशर, अध्यक्ष कमलेश डीडवानिया, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बीलवाल, महामंत्री हेमंत परवाल, भूपेन्द्र नवहाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप रूंथला आदि उपस्थित थे। इन सदस्यों ने अपने मित्र सदस्यों से फोन पर भी चर्चा की तथा सलाह मशविरा किया। इस संबंध में एक विधिवत बैठक शीघ्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# द्रमुक राम मंदिर के खिलाफ नहीं, मस्जिद तोड़कर मंदिर बनाने से सहमत नहीं : उदयनिधि

चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता और तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी अयोध्या में राम मंदिर के खिलाफ नहीं है लेकिन मस्जिद को ‘ध्वस्त’ कर धाम बनाने का विरोध करती है। उदयनिधि ने चेन्नई में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि दिवंगत द्रमुक सुप्रीमो एम.करुणानिधि ने कहा था कि द्रमुक किसी खास धर्म या आस्था के खिलाफ नहीं है। द्रमुक की युवा इकाई के प्रमुख ने 1992 में बाबरी ढांचे के विध्वंस का संदर्भ देते हुए कहा, हमें वहां पर मंदिर बनाने से कोई समस्या नहीं है। हम मस्जिद को ध्वस्त कर मंदिर बनाने से सहमत नहीं हैं। तमिलनाडु सरकार में युवा कल्याण और खेल विकास विभाग का प्रभार देख रहे उदयनिधि ने कहा, हमारे कोषाध्यक्ष (टी.आर.बालू) ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि अध्यात्म और राजनीति को मिलाना नहीं चाहिए। अयोध्या में रामजन्म भूमि पर बन रहे भव्य मंदिर में 22 जनवरी को रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के सवाल पर द्रमुक नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने तमिलनाडु को इस व्यवस्था से अलग करने की मांग को लेकर 50 लाख हस्ताक्षर एकत्र करने का लक्ष्य तय किया था जबकि करीब 85 लाख हस्ताक्षर प्राप्त हुए हैं। इन हस्ताक्षरों को 21 जनवरी को सेलम में आयोजित पार्टी की युवा इकाई के सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के.स्टालिन को सौंपा जाएगा।



# ग्लाइडिंग ग्लेडिएटर्स टीम बनी जीतो नार्थ यूथ फ्रिस्बी लीग विजेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो नार्थ चैप्टर के यूथ विंग द्वारा आयोजित फ्रिस्बी लीग ’ग्लाइडिंग ग्लेडिएटर्स’ ट्रॉफी का आयोजन किया जिसमें 10 टीमें ग्लाइडिंग ग्लेडिएटर्स, संभावह, मोक्ष व्हर्लविंड्स, लीवेन लेजेंड्स, इम्मॉर्टल वॉरियर्स, जैनम चैलेंजर्स, ग्लाइडिंग गुरुज, फ्रिस ब्रोज, एसआरएस स्पार्क्लिंग रॉकस्टार्स, कपूर मेटल्स नामक टीमोंने भाग लिया। फाइनल में ग्लाइडिंग ग्लेडिएटर्स और इम्मॉर्टल वॉरियर्स पहुंची जिसमें मन जैन और अनीश भंसाली के स्वामित्व वाली ग्लाइडिंग ग्लेडिएटस विजेता बनी। अनीश यू जैन को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी तथा गहेना जैन को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। विजेता टीमों को नगद राशि व प्रमाण पत्र सहित ट्रॉफी प्रदान की गई। इस मौके पर चेयरमैन मनीष कोठारी, महासचिव खुशी पोरवाल, परियोजना संयोजक नक्षत्र जैन आदि ने ट्राफियों का वितरण किया।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मैसूरु के सरकारी और सहायता प्राप्त उच्च विद्यालय के शिक्षकों के लिए शिक्षा नीति की नई प्रणाली के बारे में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। केएसओयू के दीक्षांत समारोह में महत्वपूर्ण सहयोग देने पर क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी ने जिलाधिकारी केवी राजेंद्र की उपस्थिति में हेल्पिंग हैंड जैन यूथ आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष महावीर खाबिया को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष राजन बाघमार, मनोहर सांखला, प्रकाश गांधी, जम्बु लोढा, आदेश लोढा, विक्रम कवाड़ आदि उपस्थित रहे।

# शहर के विभिन्न स्कूलों में ‘अणुव्रत गीत महासंगान’ का हुआ आयोजन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। आचार्यश्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के निर्देशन में अणुव्रत समिति के अमृत वर्ष के उपलक्ष्य पर पूरे भारत में गुरुवार को ‘अणुव्रत गीत महासंगान’ का आयोजन हुआ, उसी श्रृंखला में अणुव्रत समिति के अध्यक्ष देवराज रायसोनी की अध्यक्षता में शंकरपुरम स्थित बीबीयूएल जैन विद्यालय व सी बी भंडारी कॉलेज, चामराजपेट स्थित जनता विद्यालय, आर वी रोड स्थित अरिहंत कॉलेज, आड़गुड़ी सरकारी माध्यमिक विद्यालय एवं कॉटनपेट स्थित आदिश्वर स्कूल में ‘संयममय जीवन हा’ अणुव्रत गीत महासंगान का आयोजन किया गया। इससे पूर्व इस कार्यक्रम के संयोजक निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल पोरवाल अपनी टीम के साथ इन स्कूलों में आयोजन का संयोजन किया। समिति के उपाध्यक्ष माणकचंद संचेती, शांति सकलेचा, मंत्री हरकचंद ओस्तवाल, सहमंत्री प्रवीण बोहरा, समिति से प्रकाश लोढ़ा, सुरेश चावत, बाबूलाल बाफना, सूरजमल पीतलिया, रूपचंद देसरला आदि अनेक सदस्यों की उपस्थिति रही। इसी श्रृंखला में तेरापंथ युवक परिषद गांधीनगर के सदस्यों द्वारा कर्नाटक विधानसौधा के सामने अणुव्रत गीत महासंगान कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें तेयुप अध्यक्ष रजत बैद, निवर्तमान अध्यक्ष एवं कर्नाटक राज्य संयोजक प्रदीप चोपड़ा आदि उपस्थित थे।



Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com